

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष : 26 | अंक : 286 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 07 अक्टूबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


## पंचम स्कंदमाता



आज पांचवें स्वरूप स्कंदमाता माता की आराधना होगी। देवी का यह स्वरूप नारी शक्ति और मातृ शक्ति का सजीव चरित्र है।

स्कंदकुमार की माता होने के कारण इनका नाम स्कंदमाता पड़ा। गणेश जी देवी के मानस पुत्र हैं और कार्तिकिय जी गर्भ से उत्पन्न। तारकासुर को वरदान था कि वह शंकर जी के शुक्र से उत्पन पुत्र द्वारा ही मृत्यु को प्राप्त हो सकता है। इसी कारण देवी पार्वती का शंकर जी से मंगल परिणय हुआ। इससे कार्तिकेय पैदा हुए और तारकासुर का वध हुआ। शंकर-पावती के मांगलिक मिलन को सनातन संस्कृति में विवाह परंपरा का प्रारंभ माना गया। कन्यादान, गर्भ धारण इन सभी की उत्पत्ति शिव और पार्वती प्रंसगोपरांत हुई।

**उपासना मंत्र**

या देखी सर्वभूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

# 'देवी-देवताओं, महापुरूषों व संप्रदाय पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं'

## मुख्यमंत्री योगी ने जताई नाराजगी



"मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हो, यह प्रत्येक जनपद-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा।

**-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि किसी भी जाति, मत-मजहब अथवा संप्रदाय से जुड़े हुए ईष्ट देवी-देवता, महापुरुषों अथवा साधु-संतों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

त्योहारों के दृष्टिगत सोमवार को मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव गृह, एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि हर मत, संप्रदाय की आस्था का सम्मान होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महापुरुषों के प्रति प्रत्येक नागरिक के मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, लेकिन इसके लिए बाध्य नहीं किया सकता और जबरन किसी पर थोपा भी नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय आदि की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कठोरता पूर्वक सजा दिलवाई जाएगी, लेकिन सभी मत, मजहब, सम्प्रदाय के लोगों को एक-दूसरे का सम्मान करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता, तोड़-फोड़ अथवा आगजनी स्वीकार नहीं है, जो कोई ऐसा दुस्साहस करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी होगी।

मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्रि विजयदशमी का पर्व हर्षोल्लास, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हो, यह प्रत्येक जनपद-प्रत्येक थाना को सुनिश्चित करना होगा। माहौल खराब करने वालों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करें।

कानून के खिलाफ काम करने वालों के साथ सख्ती से निपटें। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग और पीआरवी 112 की पेट्रोलिंग तेज की जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए, इसके लिए सभी विभाग मिलकर काम करें।

**लैंड फॉर जॉब मामला**

# लालू यादव, तेजस्वी व तेजप्रताप को जमानत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू केस ने सोमवार को तीनों को जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोपियों को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर राहत दी। कोर्ट ने इस बात पर भी गौर किया कि आरोपियों को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था। मामले की अगली सुनवाई 25 अक्तूबर को होगी।

जमीन के बदले नौकरी मामले में लालू, तेजस्वी, तेज प्रताप समेत 8 आरोपियों की पेशी हुई। इसमें अखिलेश्वर सिंह, हजारी प्रसाद राय, संजय राय, धर्मेंद्र सिंह और किरण देवी शामिल थे। इससे पहले ईडी ने मामले में पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इसके आधार पर कोर्ट ने तीनों को समन भेजा था। लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन के रूप में अवैध लाभ अर्जित करने का आरोप है।

दरअसल, मामला 2004 से 2009 तक लालू के रेल मंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है। आरोप है कि राजद सुप्रीमो के परिवार और सहयोगियों के नाम पर नियुक्तियां उपहार में दी गईं या हस्तांतरित की गईं भूमि के बदले में की गई थी।

बता दें कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कोर्ट परिसर से दो वकीलों की बाइक चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय के बाहर से वाहन चोरी की घटनाएं थम नहीं रही है। चोर आए दिन न्यायालय के बाहर खड़े वाहनों पर हाथ साफ कर रहे हैं। चोरों ने न्यायालय परिसर से दो अधिवक्ताओं की बाइक पर हाथ साफ कर दिया।



मूल रूप से जेवर निवासी अधिवक्ता बादशाह खान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सूरजपुर स्थित न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। 4 अक्टूबर को वह अपने घर से न्यायालय स्थित अपने चेंबर आए थे। उन्होंने अपनी बाइक न्यायालय परिसर में गली नंबर-10 के पास खड़ी कर दी। शाम के समय जब वह घर जाने के लिए चेंबर से निकले तो उनकी बाइक गायब मिली। उन्होंने अपनी बाइक की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। इसके अलावा चोरों ने अधिवक्ता अजय नागर की बाइक पर भी हाथ साफ कर दिया। दोनों अधिवक्ताओं ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना सूरजपुर में (शेष पृष्ठ-3 पर)

# 25 हजार का ईनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक 25 हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पकड़े गए बदमाश के पास से तमंचा कारतूस व बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई है।

थाना फेस-2 प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम डिस्प्ले चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दादरी मेन रोड की तरफ से बिना नंबर की बाइक पर आ रहे एक युवक को पुलिस टीम ने रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार ककराला ईदगाह की तरफ से सेक्टर 122 जाने वाली रोड की ओर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने पीछा किया खुद को



घिरा देखकर बदमाश ने तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम शकील पुत्र हबीब खान निवासी सलारपुर बताया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# युवक की हत्या कर सड़क पर फेंक दिया शव

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र के हायर कंपनी के पास सुनसान जगह पर एक युवक का लहूलुहान वहां शव बरामद हुआ है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को फेंका गया है।

थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि हायर कंपनी के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक की उम्र करीब (35 वर्ष) के आसपास है और उसके सिर पर चोट के निशान हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटनास्थल के पास कार के टायरों के निशान मिले हैं आशंका है कि युवक की किसी अन्य स्थान पर हत्या कर शव की पहचान छुपाने के उद्देश्य से यहां फेंका गया है। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस को अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना दे दी गई है।

# फॉर्च्यूनर, प्लॉट और कैश के लिए विवाहिता पर जुल्म

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर में एक महिला ने अपने पति सहित सात ससुरालवालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है की शादी के बाद से ही उसका पति मायके से फॉर्च्यूनर कार तथा सास-ससुर प्लॉट व कैश की मांग कर रहे हैं।

प्रिया (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 29 नवंबर 2020 को भूड़ कॉलोनी सूरजपुर निवासी नरेश शर्मा के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति ने दहेज में दी गई क्रिड कार, एलईडी व जेवरात बेच दिए। उसके बाद



उसका पति उस पर मायके से फॉर्च्यूनर कार लाने का दवाब बनाने लगा। पीड़िता के मुताबिक उसके सास-ससुर द्वारा भी उसे दहेज के लिए लगातार उत्पीड़ित किया जाता था। सास-ससुर उस पर मायके से प्लॉट व कैश लाने का दवाब बना रहे थे। पीड़िता के मुताबिक 19 मार्च 2022 को उसके पति नरेश, सास यशोदा देवी ने उसे मार्टिन पिलाकर जान से मारने की कोशिश की। सास-ससुर व अन्य परिजन उस पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी करते थे।

प्रिया का कहना है कि 4 अप्रैल को उसकी सास ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। इस पर उसने फोन कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस के सामने ससुराल वालों ने अपनी गलती मानते हुए कंप्रोमाइज कर लिया। उसके बाद 4 अप्रैल को उसके जेठ नीरज शर्मा, देवर दीपेंद्र शर्मा ने उसके साथ फिर मारपीट की। 20 अप्रैल को उसके पति व ससुराल वालों ने उसे दो मासूम बच्चों के (शेष पृष्ठ-3 पर)

# किशोरी का अपहरण

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र के छपरौली गांव से एक नाबालिक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी की मां ने एक युवक के खिलाफ उसके अपहरण का मामला दर्ज कराया है। छपरौली गांव में रहने वाली सलमा (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 26 अगस्त को घर से लोटस जिंग सोसाइटी में काम करने के लिए गई थी। घर पर उसकी (14 वर्षीय) नाबालिक बेटी अकेली थी। दोपहर के समय जब वह घर वापस लौटी तो उसकी बेटी गायब थी। उसने अपनी बेटी की खोजबीन की तो पता चला कि पड़ोस में रहने (शेष पृष्ठ-3 पर)

# प्राधिकरणकर्मी से बदमाशों ने लूटी बाइक

## बदमाशों ने दो लोगों से लूटा मोबाइल फोन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों पर बदमाशों ने लूट की 3 वारदातों को अंजाम दिया। बदमाशों ने दो व्यक्तियों से मोबाइल फोन तथा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में कार्यरत एक कर्मी की बाइक लूट ली और फरार हो गए। अशोक नगर प्रयागराज निवासी आर्यन कुमार ने थाना बीटा-2 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताएं कि वह 29 सितंबर की शाम को एवीजे हाइट सोसायटी से एक्सपो मार्ट जा रहा था। वह जैसे ही अमृतपुरम गोल चक्कर के पास पहुंचा तो उसके पास एक जानकार की कॉल आ गई। वह बाइक रोककर फोन पर बात करने लगा। इस दौरान पल्सर बाइक पर आए दो बदमाशों ने उससे मोबाइल फोन छीन लिया। उसने बदमाशों का विरोध किया लेकिन वह मारपीट कर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक उसने इसकी सूचना थाने में दी तो पुलिस ने (शेष पृष्ठ-3 पर)


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses


# शोरूम से गाड़ी लेकर कर्मचारी हुआ रफूचक्कर

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर- 49 बरौला स्थित देव मोटर्स सेल्स प्राइवेट लिमिटेड में काम करने वाला कर्मचारी शोरूम से कस्टमर को गाड़ी दिखाने के बहाने उसे लेकर रफू चक्कर हो गया। शोरूम के वैल्यू मैनेजर ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

देव मोटर्स सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के वैल्यू मैनेजर अंकित राणा ने बताया कि उनका शोरूम बरौला में स्थित है। उनके शोरूम पर अफजल खान पुत्र मोहम्मद अजीम खान निवासी दुर्गा मंदिर आलमनगर सीतापुर कार्यरत था। 26 सितंबर की शाम को वह शोरूम से मारुति वैगनआर कार एक कस्टमर को दिखाने के बहाने से ले गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# मुख्यमंत्री योगी से एनकाउंटर पर कांग्रेसियों ने पूछे सवाल

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर सोशल आउटरीच कांग्रेस जिलाध्यक्ष जीशान चौधरी के नेतृत्व में नगर मजिस्ट्रेट नोएडा को ज्ञापन सौंपकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रदेश में हो रहे एनकाउंटरों पर कांग्रेस ने सवाल पूछे हैं। ज्ञापन बचत अधिकारी गौतमबुद्धनगर शलभ राठी ने लिया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी से जनता के कुछ सवाल कांग्रेसियों द्वारा पूछे गए हैं। ज्ञापन में कांग्रेसियों ने प्रदेश की जनता की ओर से कुछ सवाल पूछे हैं। कांग्रेस ने पूछा है कि योगी राज में उत्तर प्रदेश में हुए हजारों एनकाउंटरों से हासिल क्या हुआ? क्या अपराध खत्म हो गया? अपराधी यूपी से भाग गये? हमारी



बहन/बेटियाँ बेख़ौफ घर से बाहर निकलने लगीं? सड़कों से भय समाप्त हो गया? वसूली रंगदारी समाप्त हो गई? या सिर्फ रंगदारों के गमझे का रंग बदल गया? रोज दर्जन से अधिक रेप और गैंगरेप हो रहे हैं, हत्यायें हो रही हैं, (शेष पृष्ठ-3 पर)


सत्र 2025-26 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा




फ़ोन .08750611103

## सत्ता में वापसी

जैसे कि हरियाणा में राजनीतिक पंडित मतदाताओं के मन पढ़ते हुए कांग्रेस की सत्ता में वापसी की बात कर रहे थे, कमोबेश वैसे ही रुझान एग्जिट पोल के निष्कर्षों में सामने आए हैं। हालांकि, पिछले लोकसभा चुनाव के बाद एग्जिट पोल की वास्तविकता को लेकर कई विमर्श सामने आते रहे हैं, लेकिन हरियाणा में शनिवार के मतदान के बाद आए एग्जिट पोल राजनीतिक हवा के अनुरूप भी हैं। लगता है कि एक दशक तक सत्ता से बाहर रहने वाली कांग्रेस हरियाणा में अब सत्ता हासिल करने को तैयार है। उम्मीद है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अपने दम पर सरकार बनाएगी, जबकि सत्तारूढ़ भाजपा के दूसरे स्थान पर रहने की संभावना है। पिछले दो दशकों में, राज्य में विधानसभा चुनावों के नतीजों ने एक पूर्वानुमानित पैटर्न दर्शाया है-पहले कांग्रेस दो लगातार कार्यकाल के लिये सत्ता में आई और फिर भाजपा ने दो कार्यकाल में सरकार चलायी। किसी भी पार्टी के लिये यह संभव नहीं हुआ कि वह तीसरी बार सत्ता हासिल कर सके। दरअसल,जब सरकारें जनता की आकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरती, तो जनता धैर्य खोने लगती है। वास्तव में सत्ता विरोधी घटक ने भाजपा को कमजोर कर दिया था। तभी गत मार्च में जनमानस में व्याप्त सत्ता विरोधी रुझान को टालने के लिये मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया गया। कह सकते हैं कि यह बदलाव पार्टी की हताशा का ही परिचायक रहा। हालांकि, भाजपा ने तीसरी बार सत्ता में वापसी और डैमेज कंट्रोल के लिये सभी दांव-पेच खेले। मतदान से ठीक पहले डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम की रिहाई कांग्रेस का गणित बिगाड़ने का आखिरी प्रयास था। बहरहाल, उत्तर भारत में भाजपा का जनाधार कम होता नजर आ रहा है। ऐसे में हरियाणा में भी नतीजे यदि भाजपा के खिलाफ जाते हैं तो ये भाजपा की बेचैनी बढ़ाने वाला होगा। दिल्ली के बाद पंजाब में हार झेलने के बाद भाजपा ने वर्ष 2022 में हिमाचल में भी हार का मुंह देखा। इसके साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में घटे जनाधार ने भी पार्टी की कमजोरी को ही उजागर किया। तभी इस साल केंद्र में पूर्ण बहुमत न मिलने पर भाजपा ने अन्य दलों के साथ मिलकर गठबंधन सरकार बनायी। पिछले दशक में भाजपा ने जो देशव्यापी बढ़त हासिल की थी, उसके सापेक्ष कांग्रेस के जनाधार में गिरावट देखी जा रही थी। अब यदि कांग्रेस हरियाणा को अपनी झोली में शामिल करने में सफल हो जाती है तो राष्ट्रीय स्तर पर उसके हालिया पुनरुत्थान को ही बढ़ावा मिलेगा। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में भी कांग्रेस के फायदे में रहने के रुझान मिले हैं, जहां वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि राज्य बनने की ओर उन्मुख केंद्र शासित प्रदेश में त्रिशंकु सदन की संभावना बन रही है। ऐसी स्थिति में पीडीपी ने संकेत दिया है कि वह भाजपा को सत्ता से बाहर रखने की इच्छुक है। वैसे भगवा पार्टी अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण के उपरांत हुए पहले चुनाव के परिणामों के बाद अपने पत्ते तो खेलेगी ही।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तब सतीजी कैलास पर रहने लगीं। उनके मन में बड़ा दुःख था। इस रहस्य को कोई कुछ भी नहीं जानता था। उनका एक-एक दिन युग के समान बीत रहा था॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**नित नव सोचु सती उर भारा। कब जैहउँ दुख सागर पारा॥**
**मैं जो कीन्ह रघुपति अपमाना। पुनि पतिबचनु मृषा करि जाना॥**

सतीजी के हृदय में नित्य नया और भारी सोच हो रहा था कि मैं इस दुःख समुद्र के पार कब जाऊँगी। मैंने जो श्री रघुनाथजी का अपमान किया और फिर पति के वचनों को झूठ जाना- ॥

**सो फलु मोहि बिधाताँ दीन्हा। जो कछु उचित रहा सोइ कीन्हा॥**
**अब बिधि अस बूझिअ नहिं तोही। संकर बिमुख जिआवसि मोही॥**

उसका फल विधाता ने मुझको दिया, जो उचित था वही किया, परन्तु हे विधाता! अब तुझे यह उचित नहीं है, जो शंकर से विमुख होने पर भी मुझे जिला रहा है॥

**कहि न जाइ कछु हृदय गलानी। मन महुँ रामहि सुमिर सयानी॥**
**जौं प्रभु दीनदयालु कहावा। आरति हरन बेद जसु गावा॥**

सतीजी के हृदय की ग्लानि कुछ कही नहीं जाती। बुद्धिमती सतीजी ने मन में श्री रामचन्द्रजी का स्मरण किया और कहा-हे प्रभो! यदि आप दीनदयालु कहलाते हैं और वेदों ने आपका यह यश गाया है कि आप दुःख को हरने वाले हैं, ॥

( क्रमशः.. )

## यूपी की बन रही है नई पहचान

पिछली सदी के अस्सी के दशक में जिस उत्तर प्रदेश को बीमारू कहकर उपहास उड़ाया जाता था, उसी यूपी में यूपीआईटीएस का भव्य आयोजन होना मामूली बात नहीं है। राज्य के तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा शहर में 25 से 29 सितंबर तक चले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में देशभर की बड़ी कंपनियों का जुटान यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में निवेश और कारोबार को लेकर भरोसा बढ़ रहा है।

चार दिनों तक चले यूपीआईटीएस का आयोजन 15 हॉल में किया गया था। वैसे तो अपने आप में सभी हॉल यूपी में आ रहे बदलाव और उसमें कारोबार और निवेश की दुनिया के दिग्गजों की दिलचस्पी की कहानी कह रहे थे। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है, यूपी इन्वेस्ट का हॉल, जिसमें देश के तकरीबन सभी अहम क्षेत्रों की कंपनियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। जिनमें देश की अग्रणी अडानी, अंबानी, रिलायंस, लुलु हाइपर मार्केट, वाइब्स जैसी कंपनियां शामिल रहीं।

इस आयोजन में एक पूरा और एक्सक्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया। साल 2018 में राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने स्थानीय उत्पादों को बाजार और पहचान मुहैया कराने के लिए एक जिला, एक उत्पाद नाम से योजना शुरू की थी। जिसे संक्षेप में ओडीओपी के नाम से जाना जाता है। यूपीआईटीएस के इस आयोजन में ओडीओपी के लिए भी अलग से हॉल तैयार था, जिसमें राज्य के सभी 75 जिलों के 325 उत्पादक अपने स्थानीय विशेष उत्पादों के साथ मौजूद रहे। गौर करने की बात यह है कि इनमें काफी संख्या महिलाओं की रही। इस योजना के जरिए अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे कुछ दिव्यांग कारोबारी भी इसमें शामिल थे। इस आयोजन में पशुधन विकास, दुग्ध उद्योग, मत्स्य पालन, कृषि उत्पाद और खाद्य संरक्षण की भी कंपनियां शामिल रहीं और अपने उत्पादों को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। इस आयोजन में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र फूड प्रोसेसिंग वाला हॉल रहा, जहां उत्तर प्रदेश के स्थानीय खाद्य उत्पादों और व्यंजनों को बतौर नमूने प्रस्तुत किया गया। लोगों ने उनके स्वाद का भरपूर लुत्फ उठाया और उनकी खरीददारी भी की।

इस आयोजन का 14 और 15 नंबर का हॉल निर्यातकों के लिए विशेष तौर पर आरक्षित था। जिसमें उत्तर प्रदेश के करीब सभी निर्यात होने वाले उत्पाद प्रदर्शित किए गए। ये हॉल विदेशी ग्राहकों को सबसे ज्यादा लुभाते दिखे। यहां जमकर खरीददारी भी हुई और ऑर्डर भी मिले। यहां यह भी बताना जरूरी है कि इसे देखने के लिए दुनियाभर से करीब 400 लोगों को आमंत्रित किया गया था। हालांकि कुछ विदेशी ग्राहक ऐसे भी थे, जो खुद यहां पहुंचे। विदेशी ग्राहकों और कंपनियों को यहां राज्य के उत्पादकों और निर्यातको को कारोबारी बैठक के लिए सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। जिसका राज्य को फायदा भी हुआ और करोड़ों रुपए के ऑर्डर भी मिले। ऊर्जा, नवीकरण ऊर्जा, और रक्षा उत्पाद को भी इस हॉल में प्रदर्शित किया गया था।



**यूपीआईटीएस के आयोजन में एक पूरा और एक्सक्लूसिव हॉल इलेक्ट्रॉनिक्स का रहा, जिनमें देश के 100 से अधिक स्टार्टअप्स और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए और लोगों को अपनी तरक्की से प्रभावित किया।**

इस आयोजन में शिक्षा से जुड़ी तमाम संस्थाएं जिनमें कुछ बड़े विश्वविद्यालय भी शामिल थे, ने युवाओं को अपनी सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दी। पांच दिनों तक चले इस आयोजन में पांच सत्रों का आयोजन किया गया, जो ई कॉमर्स ट्रेंड्स और अवसर, नवाचार और स्टार्टअप्स, देश की निर्यात क्षमता, आदि पर आधारित थे। इस आयोजन में रोजाना शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया गया। पांच दिनों के इस आयोजन में यहां आए लोगों को जौनपुर और लखनऊ के टुंडे कबाब, बलिया का लिट्टी-चोखा, कानपुर की चाट, खुर्जा की खुरचन, आगरा का पंछी पेठा, मथुरा का पेड़ा और बनारस का पान आदि राज्य के खांटी देसज व्यंजनों का स्वाद भी चखने को मिला।

इस आयोजन की उपलब्धि ही कही जाएगी कि आयोजन के चौथे दिन उद्यमियों को अमेरिका, फ्रांस और जापानी कंपनियों से 100 करोड़ रुपए से अधिक के ऑर्डर प्राप्त हुए। इस दौरान बिरला एयरकॉन और सोनी के बीच जहां 50 करोड़ का करार हुआ, वहीं मदरसन कंपनी को 25 करोड़ के ऑर्डर मिले। इसी तरह आइसक्रीम की मशहूर कंपनी वडीलाल और जैन शिकंजी को 10-10 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले। पूरे आयोजन में करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

यूपीआईटीएस 2024 का सहयोगी आयोजक वियतनाम रहा। जिसके राजदूत की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान वियतनाम ने राज्य में खाद्य प्रसंस्करण एवं आईटी के क्षेत्र में निवेश को लेकर उत्सुकता जाहिर की। इस मौके पर पिछले साल यानी 2023 के आयोजन की याद आना स्वाभाविक है। तब आयोजन के पहले दिन यानी 21 सितंबर को अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली थी, हालांकि बाद के हर दिन को लोगों के आने का सिलसिला बढ़ता ही गया। दूसरे दिन 48 हजार लोग मेले में पहुंचे थे। वहीं तीसरे दिन मेले में आने वालों की संख्या बढ़कर 70 हजार पहुंच गई। चौथे दिन 88 हजार से अधिक जबकि पांचवें और अंतिम दिन संख्या 90 हजार के पार पहुंच गई।

बहरहाल यूपीआईटीएस के बीते आयोजन में राज्य के हस्तशिल्प उद्योग को नई उड़ान मिली है। इस दौरान राज्य के हस्तशिल्प उत्पादों की जबरदस्त खरीदारी हुई। इस आयोजन के दौरान 75 हजार कारोबारी निर्यात के ऑर्डर भी मिले। इससे ऐसा लगता है कि राज्य के लघु उद्योगों को नई पहचान मिल रही है। इस बार का आयोजन पिछली बार की तुलना में एक कदम आगे रहा है। कभी उत्तर प्रदेश को भदेस और उसके उत्पादों को उपहास की नजर से देखा जाता था। लेकिन यूपीआईटीएस जैसे आयोजनों के चलते उत्तर प्रदेश की पहचान भदेस से निकल रही है और राज्य नए सिरे से ना सिर्फ अपनी पहचान हासिल करता दिख रहा है, बल्कि राज्य के हस्तशिल्प और दूसरे उत्पादों को वैश्विक बाजार मिलता दिख रहा है।

**-उमेश चतुर्वेदी**

## देश के मुसलमान अब बहकावे में नहीं आते

वर्तमान के मध्य प्रदेश एवं कुछ भाग उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में 9वीं से 15वीं शताब्दी तक चंदेल राजवंश का शासन रहा। इतिहासकार आर.सी. मजूमदार (1977) द्वारा लिखित पुस्तक के अनुसार 831 ई. से लेकर 1315 ई. तक खजुराहो, कालिंजर एवं महोबा से इन राजाओं ने मध्यकालीन युग में बुंदेलखंड नामक भौगोलिक क्षेत्र एवं कुछ आसपास के क्षेत्रों पर शासन किया। हिमाचल प्रदेश में 697 से 1849 ई. में एक राज्य के रूप में तथा 1849 से 1948 तक एक रियासत के रूप में कहलूर रियासत में चंद्रवशी चंदेल राजपूत वंश का शासन रहा। यद्यपि राजा वीर चंद 697-738 ई. तक इस राज्य के संस्थापक रहे, लेकिन इसका नाम राजा कहल चंद, जिनका शासन 890-930 ई. के आसपास रहा, के नाम पर रखा गया। इस कहलूर रियासत में अंतिम शासक राजा आनंद चंद रहे, जिन्होंने कहलूर रियासत की बागडोर 1933 से संभाली तथा ताउम्र 12 अक्तूबर 1983 तक राजा की पदवी को सुशोभित करते रहे।

स्वतंत्रता के पश्चात राजा आनंद चंद ने भारत की संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा में बिहार से प्रतिनिधित्व किया। सन् 1952-1957 तक लोकसभा सदस्य रहे। इससे पहले 12 अक्तूबर 1948 से 26 जनवरी 1950 तक बिलासपुर के मुख्य आयुक्त भी रहे। लगभग 1400 से अधिक वर्ष के चंदेल वंश इतिहास ने इस देश को नारी शक्ति की विरासत के रूप में आज तक की सर्वश्रेष्ठ वीरांगनाओं में से एक रानी दुर्गावती भी दी है। रानी दुर्गावती मात्र रानी ही नहीं, लेकिन अतीत का गौरव और वर्तमान समय की पीढ़ियों की आदर्श हैं। 5 अक्तूबर को रानी दुर्गावती का 500वां जन्म दिन है। इस महारानी का प्रेरक स्मरण 500 वर्षों के बाद भी मन को गौरवान्वित एवं शरीर को प्रफुल्लित करता है। रानी दुर्गावती का नाम भारत की महानतम् वीरांगनाओं की सबसे अग्रिम पंक्ति में आता है जिन्होंने मातृभूमि और अपने आत्म सम्मान की रक्षा हेतु अपने प्राणों को बलिदान कर दिया। 5 अक्तूबर 1524 को दुर्गाष्टमी के दिन नवरात्रि का उत्सव चल रहा था। कालिंजर के राजा कीरत सिंह चंदेल के घर एक पुत्री का जन्म हुआ, इसलिए नामकरण किया दुर्गावती। रानी का जन्म कालिंजर (उत्तर प्रदेश) के बुंदेलखंड क्षेत्र में बांदा जिले में स्थित पौराणिक संदर्भ वाले एक ऐतिहासिक दुर्ग में हुआ। यह विश्व धरोहर स्थल प्राचीन नगरी खजुराहो के निकट ही स्थित है। कालिंजर दुर्ग भारत के सबसे विशाल और अपराजेय किलों में एक माना जाता है।

**राष्ट्रीय साप्ताहिक पांचजन्य के एक लेख के अनुसार गोंडवाना में प्रचलित है कि छोटे-बड़े सभी युद्धों की बात की जाए तो इस पराक्रमी रानी ने 52 युद्ध लड़े जिनमें 51 युद्धों में उन्होंने विजय प्राप्त की थी। रानी दुर्गावती की युद्ध नीति और कूटनीति विलक्षण थी।**

चंदेलों द्वारा बनाया गया यह किला चंदेल वंश के शासनकाल की भव्य वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है। यह किला भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है। जब चंदेल शासक आए तो इस पर महमूद गजनवी, कुतुबुद्दीन ऐबक और हुमायुं ने आक्रमण कर इससे जीतना चाहा, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। अंत में 1569 में अकबर ने यह किला जीतकर बीरबल को उपहार में दिया। बाल्यकाल में ही राजा कीरत सिंह ने राजकुमारी दुर्गा को शस्त्र चलाना सिखाया और अपने कौशल के कारण कुछ दिनों में ही दुर्गावती शस्त्र चलाने में प्रवीण हो गई। इसकी कीर्ति आसपास के क्षेत्रों में फैल गई। गोंडवाना क्षेत्र के पराक्रमी राजा वीर दलपत शाह के पास दुर्गावती के संस्कारों के साथ-साथ पराक्रम की बातें भी पहुंच गई। दलपत शाह भी एक सुंदर एवं पराक्रमी राजकुमार थे। इस तरह चंदेल राजवंश की राजकुमारी जो कि बचपन से ही अत्यंत कुशाग्र, शौर्यवान, धर्मनिष्ठ, राष्ट्रभक्त और निर्णय लेने में दक्ष थी, ने एक जनजाति समूह के बलिष्ठ युवा राजकुमार दलपत शाह से अपना विवाह करना स्वीकार किया। रानी दुर्गावती एवं दलपत शाह के प्रेम और परिणय की कथाएं आज भी उस क्षेत्र में प्रचल्लित हैं। कुछ वर्षों बाद 1545 ई. में इनके एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जिसका नाम वीर नारायण सिंह रखा गया। दुर्भाग्य से रानी दुर्गावती एवं राजा दलपत शाह का दांपत्य जीवन मात्र 5 वर्ष का ही रहा। राजा की अल्प आयु मृत्यु के उपरांत संकट की घड़ी में रानी ने अपना धैर्य नहीं खोया तथा बड़ी हिम्मत के साथ काम लिया। प्रजा ने एक प्रजावत्सल मां का रूप देखा। पति के पीछे सती हो जाने के बदले रानी ने विधवा रहते हुए भविष्य को संवारने का काम किया। आदर्श कामकाज के लिए इतिहास में जिन राज्य शासनों का उल्लेख है, उनमें गोंडवाना भी शामिल है। पति की अकस्मात मृत्यु के बाद अपने पुत्र का राज्याभिषेक करके रानी ने स्वयं गढ़मंडला के शासन की कमान संभाली। रानी दुर्गावती के गोंडवाना साम्राज्य की संपन्नता और समृद्धि की चर्चा कड़ा और मानिकपुर के सूबेदार आसफ खान द्वारा मुगल दरबार में की गई। धूर्त और चालाक अकबर ने लूट और विधवा रानी को कमजोर समझते हुए तथा बलपूर्वक गोंडवाना साम्राज्य हथियाने के उद्देश्य से रानी को आत्म समर्पण के लिए धमकाया। उसने महारानी को यह संदेश भिजवाया 'अपनी सीमा राज की, अमल करो परमान। भेजो नाग सुपेत सोई, अरू अधार दीवान।' परंतु स्वाभिमानी तथा स्वतंत्रता प्रिय रानी नहीं मानी। फिर धूर्त अकबर का एक और संदेश आया कि 'स्त्रियों का काम रहता कातने का है' तो रानी ने जवाब में एक सोने का पींजन भेजा और कहा कि आपका काम रूई धुनकने का है।

अकबर इससे तिलमिला गया तथा गोंडवाना पर युद्ध हेतु अलग-अलग प्रयास करने प्रारंभ किए। वीरांगना दुर्गावती ने कुल 16 बड़े युद्ध लड़े तथा 16 युद्धों में से 15 में विजयी रही जिनमें 12 युद्ध मुस्लिम आक्रांताओं से लड़े। राष्ट्रीय साप्ताहिक पांचजन्य के एक लेख के अनुसार गोंडवाना में प्रचलित है कि छोटे-बड़े सभी युद्धों की बात की जाए तो इस पराक्रमी रानी ने 52 युद्ध लड़े जिनमें 51 युद्धों में उन्होंने विजय प्राप्त की थी। रानी दुर्गावती की युद्ध नीति और कूटनीति विलक्षण थी जिसकी तुलना काकतीय वंश की वीरांगना रूद्रमा देवी और फ्रांस की जान ऑफ आर्क को छोडक़र विश्व की अन्य किसी वीरांगना से नहीं की जा सकती है। 24 जून 1564 को मात्र 39 वर्ष की अल्प आयु में यह वीरांगना हमेशा-हमेशा के लिए शहीद होकर देश की वर्तमान पीढ़ी के लिए एक महान आदर्श स्थापित कर गई। भारतवर्ष की इस आदर्श एवं चंदेल राजवंश की वीरांगना को उनकी जयंती पर नमन।

**-प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल**

## राशिफल

आश्विन शुक्ल पक्ष : पंचमी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति बहुत अच्छी है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
शत्रु पक्ष नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन जीत आपकी हो जाएगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय मत लीजिए। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति अभी भी मध्यम है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। अपनों का साथ होगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। जो भी आपने सोचा है उसको कार्यरूप दें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जुबान पर नियंत्रण रखें और कोई भी निवेश करने से बचें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
एक बहुत ही अच्छी ऊर्जा आपमें काम करेंगी। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य पहले से बहेतर।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। मन व्यथित रहेगा। स्वास्थ्य थोड़ा सा मध्यम। प्रेम, संतान बहुत अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
सरकारी तंत्र का लाभ मिलेगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम, संतान का भरपूर सहयोग है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्य साथ देगा। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

# रोज़गार परक पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ




**दनकौर (चेतना मंच)।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, गौतमबुद्धनगर द्वारा पांच दिवसीय रोज़गार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र की 100 दिवसीय कार्ययोजना के अंतर्गत उद्यान विषयक 'ऑयस्टर एवं बटन मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकीः रोजगार के अवसर एवं उद्यमिता विकास' पर दिनांक 05 से 10 अक्टूबर 2024 की अवधि में किया जा रहा है। जिसमें 30 प्रशिक्षार्थियों द्वारा पंजीयन कराया गया है। प्रशिक्षण के उद्धघाटन सत्र 5 अक्टूबर 2024 को कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ विपिन कुमार द्वारा प्रशिक्षार्थियों को वैज्ञानिको एवं विशेषज्ञों के अनुभवों से मशरूम उत्पादन तकनीकी में नवाचार को सीखकर इसे अपनाने की सलहा दी, साथ ही प्रशिक्षार्थियों का उत्साह-वर्धन कर मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के अवसर एवं उद्यमिता विकास की बात बताई गई।

तकनिकी सत्र में डॉ सुनील प्रजापति (उद्यान विज्ञान) द्वारा ऑयस्टर मशरुम के लिए आवश्यक सामग्री की आवयश्कता,वातावरण की उपलब्धता, मशरुम बीज की स्पॉवनिंग, आदि विषयों पर प्रशिक्षार्थियों को बताया गया।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, गौतमबुद्धनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ विनीता सिंह (गृह विज्ञान) एवं प्रभारी 100 दिवसीय कार्ययोजना, वैज्ञानिक डॉ सुनील प्रजापति (उद्यान विज्ञान), वैज्ञानिक डॉ बोनिका पंत (मतस्य विज्ञान), वैज्ञानिक कुंवर घनश्याम (पशुपालन विज्ञान), राजीव शिरोही (बीज प्रौद्योगिकी), आशु अरोरा (कार्यक्रम सहायक कंप्यूटर), प्रदुमन (सहायक) एवं मोहम्मद शौकीन का विशेष योगदान रहा।

# ग्रेटर नोएडा में निकली राम बारात

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी मीडिया प्रभारी पंडित कर्मवीर आर्य ने बताया कि रामलीला मंचन आरती की शुरुवात से हुई और भगवान श्री राम की बारात निकाली गयी। श्री राम जानकी विवाह, राजा दशरथ ने राज्यभिषेक की धोषणा की जिस पर कैकई कोप भवन, ककई ने राजा दशरथ से अपने वचनों में श्री राम जी को वनवास और भरत के लिये राज्याभिषेक माँगा रामलीला मंचन में आये कलाकारों के ज़रिये बढ़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुतिकरण किया गया दर्शकों ने बड़े ही भाव विभोर होकर कलाकारों की कलाकारी को सराहा रामलीला मैदान बराही मंदिर पर आयोजित श्री आदर्श रामलीला अध्यक्ष सतवीर भाटी ने कहा मंचन कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2024 से रामलीला प्रारंभ होकर 13 अक्टूबर 2024 को दशहरा विजय महोत्सव



पर रावण दहन तक निरंतर चलेगी। श्री आदर्श रामलीला कमेटी महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि रामलीला विजयोत्सव दशहेरा मेला देखने के लिये रविवार को मेले में मेला और रामलीला मंचन देखने के लिये भारी संख्या में दर्शक पहुँचे मेले में बच्चे झूला झूलने से लेकर खाने के लिए स्वादिष्ट व्यंजन का आनन्द लिया और आये हुए श्रद्धालु भक्त मेले में ख़रीदारी घरेलू सामनों के स्टालों से करने पहुँचे मेले की व्यवस्था और मेले में आये हुए रामलीला मंचन देखने के लिये दूर दराज से आये लोगों को कार पार्किंग व्यवस्था के साथ लोगो के लिये सुरक्षा व्यवस्था पुलिस प्रशासन और श्री आदर्श रामलीला के पदाधिकारी कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी के साथ कर रहे हैं।

बैठक में मुख्यरूप से अध्यक्ष सत्यवीर भाटी, भूदेव शर्मा, मूलचंद शर्मा, महासचिव सत्यपाल शर्मा, के पी कसाना, एड हिरदेश भाटी, जगवीर भाटी, संजीव बैसला, सुभाष शर्मा, ओमवीर बैसला, अनिल भाटी, लक्ष्मण सिंघल, अजय शर्मा एडवोकेट, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, सह मीडिया प्रभारी मोहित शर्मा, सह मीडिया प्रभारी दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, बिजेंद्र मुदगल, सचिन जिन्दल बीडीसी राजेश ठेकेदार, विनोद भाटी, रघुवीर सिंह जेसीबी वाले, विनोद पंडित, अशोक शर्मा, केडी गुर्जर, अमन त्यागी, अवनेन्द्र यादव, देवा पंडित, शिव किशोर आदि दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी सहित मेले में हज़ारों (दर्शक) लोगों ने रामलीला मंचन को देखा।

# किसान सभा ने निकाली जन चेतना यात्रा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आंदोलन की तैयारी के लिए किसान सभा की जिला कमेटी के कार्यकर्ताओं ने गांव खैरपुर सैनी सुनपुरा खेड़ी भनौता खोदना खुर्द में जन चेतना यात्रा निकालकर डोर टू डोर प्रचार करते हुए नुक्कड़ सभाएं करते हुए प्रचार प्रसार किया।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसान सभा, किसान परिषद, जय जवान जय किसान संगठन ने एकजुट होकर 14 मार्च को पक्का मोर्चा लगाकर कलेक्ट्रेट सूरजपुर पर रात दिन का धरना प्रदर्शन करेगा। आंदोलन की सबसे प्रमुख मांग 10 प्रतिशत प्लाट, नए कानून को लागू करना, आबादियों की लीज बैक भूमिहीनों की दुकान रहेंगी। आंदोलन तब तक चलेगा जब तक की उपरोक्त मुद्दे पूरी तरह हल नहीं होते।

जन चेतना यात्रा के संयोजक शिशांत भाटी ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आंदोलन का तीसरा चरण है पहले चरण में नए कानून को लागू करने, 10 प्रतिशत प्लाट देने के संबंध में प्रस्ताव पास कराकर शासन के अनुमोदन के लिए प्रेषित




किए गए थे आंदोलन के दूसरे चरण में 21 फरवरी 2024 को उक्त मुद्दों पर सिफारिशें देने के लिए हाई पावर कमेटी का गठन राजस्व परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया था हाई पावर कमेटी ने अपनी सिफारिश से 31 अगस्त को दाखिल कर दी थी परंतु प्रशासन और शासन ने कमेटी की सिफारिशें सार्वजनिक नहीं की है, हमारी मांग है कि कमेटी की सिफारिश तुरंत सार्वजनिक की जाए और उक्त मुद्दों को तुरंत हल किया जाए। किसान सभा के जिला सचिव सूले यादव ने कहा कि लड़ाई आर पार की है हल करा कर ही दम लेंगे। जन चेतना यात्रा के सहसंयोजक मोनू मुखिया ने संबोधित करते हुए कहा कि नौजवान एकजुट होकर आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगा। आंदोलन तभी समाप्त होगा जब मुद्दे हल हो जाएंगे।

जन चेतना यात्रा में नरेश नागर दुष्यंत सेन अजब सिंह संदीप भाटी गवरी मुखिया दिनेश यादव संजय सोनपुर निशांत रावल धर्मेंद्र एडवोकेट सुधीर रावल सतपाल खारी, बच्चन भाटी, यतेंद्र भाटी, भीम भाटी, अजय पाल भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# सीटू ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**नोएडा (चेतना मंच)।** मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड़ों को रद्द करो, न्यूनतम वेतन 26000 हजार रुपया घोषित करो, कार्य स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, समान काम का समान वेतन देना होगा, महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण, ठेकाकरण पर रोक लगाओ, रेहड़ी-पटरी कामगारों का उत्पीड़न बंद करों, सभी को वेंडिंग लाइसेंस व जगह देनी होगी, ठेका श्रमिकों को पक्का करो, रेहड़ी-पटरी,भवन निर्माण, गिगं वर्कर्स, ई रिक्शा चालक, घरेलू कामगार आदि असंगठित क्षेत्र के कामगारों को वेतन व सामाजिक सुरक्षा दो, मैसर्स- एच-1इंडिया, अंबुजा सीमेंट, बीएचईएल, लिस्टर मोशनर, रेहान व खेतान स्कूल आदि में कार्यरत श्रमिकों के लंबित मांग पत्र पर सम्मानजनक समझौता करवाना होगा।

नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं का सम्मानजनक समाधान करो, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारीयों के योजित वादों में हुए अवार्ड का पालन सुनिश्चित करो, मानीताऊ इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड कंपनी पर 4 जनवरी 2024 को मजदूरों और सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के ऊपर हुए हमले के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी, नौकरी से निकल गए श्रमिकों को कार्य में बहाल करवाना होगा,आदि के साथ जोरदार नारेबाजी करते हुए सीटू के बैनर तले मजदूरों ने जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर जोरदार तरीके से प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन को सोपा। दिए गए ज्ञापन में मजदूरों/ कर्मचारियों की ज्वलंत मांगों/ समस्याओं से संबंधित 17 मांगे उठाई गई है।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू दिल्ली एनसीआर राज्य महासचिव अनुराग सक्सेना में कहा कि जहां पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, प्याज, टमाटर, सब्जी के दाम आसमान छू रहे हैं वहीं मजदूर का वेतन घटता जा रहा है जिससे मजदूरों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद कामरेड तपन सेन ने केंद्र व प्रदेश सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों को रेखांकित करते हुए कहा कि आज की स्थिति में सरकार के हमले के खिलाफ संघर्ष के अलावा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार लेबर कोड लागू करने की तरफ बढ़ती है तो हम पूरे देश में चक्का जाम औद्योगिक हड़ताल करने को बाध्य होंगे जिसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकारें पूरी तरह जिम्मेदार होगी।

# महापर्व है भाजपा द्वारा चलाया जा रहा सदस्यता अभियान : खारी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं सदस्यता अभियान से पार्टी को आने वाले चुनाव में बहुत बड़ा फायदा मिलेगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील खारी ने एक बातचीत के दौरान कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में पार्टी के सभी पदाधिकारी जी जान से लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि पूरे देश में पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और करोड़ों लोग अब तक भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले चुके हैं।

उन्होंने कहा कि यह सदस्यता अभियान एक महापर्व है। इस महापर्व को पार्टी कार्यकर्ता अच्छे ढंग से मनाएं। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कार्यकर्ता सदस्यता



अभियान में कोई कोर कसर न छोड़े उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 10 विधानसभा के उपचुनाव में भी पार्टी का परचम लहराएगा श्री खारी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की तस्वीर को बदल कर रख दिया है।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा विपक्ष केवल पार्टी को बदनाम करने की साजिश समय-समय पर रचता रहता है जो कभी भी पूरा होने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा कि गौतमबुद्धनगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा दादरी के विधायक तेजपाल सिंह नागर नोएडा के विधायक पंकज सिंह एवं जेवर विधानसभा के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह द्वारा विकास की जो गाथा लिखी जा रही है वह स्वागत एवं सराहना के योग्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सरकार हमेशा विकास को लेकर कृत संकल्पित रही है और आगे भी रहेगी उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से माफियाओं का राज पूरी तरह से समापन की ओर चल पड़ा है।

# डॉ. अनिल तोमर बने यूपी पैरालंपिक के प्रवक्ता

**गाजियाबाद।** शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक व स्पोर्ट्स विशेषज्ञ डॉ. अनिल तोमर को यूपी पैरालंपिक का प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। इस संबंध मे यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कविंदर चौधरी ने एक नियुक्ति पत्र जारी कर यह जानकारी मीडिया को दी।

यूपी पैरालंपिक के अध्यक्ष कविंदर चौधरी ने कहा कि हमें डॉ. अनिल तोमर को प्रवक्ता बनाने पर खुशी हो रही है।

उनकी नियुक्ति पेरिस 2024 पैरालंपिक में यूपी को छह पदक मिलने के प्रयास को और आगे ले जाने की दिशा में एक प्रयास है। ज्ञात रहे कि डॉ. अनिल तोमर गाजियाबाद ही नहीं प्रदेश के नामी चिकित्सक के साथ सामाजिक हस्ती हैं। डॉ. तोमर स्पोर्ट्स पर्सन होने के साथ उनकी कई खेलों में विशेषज्ञता भी है।



उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में राष्ट्र व्यापी पल्स पोलियो अभियान में अहम योगदान देने के लिए याद किया जाता है। वर्तमान में डॉ. अनिल तोमर नवीन अस्पताल समूह के मेडिकल डायरेक्टर हैं। इससे पहले वे संतोष मेडिकल कालेज के निदेशक के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर चुके हैं।







**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


## पृष्ठ एक के शेष....

**लालू यादव, तेजस्वी...**

मामले में तेज प्रताप यादव पहली बार कोर्ट में पेश हुए। अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि अदालत को प्रथम दृष्टया और समन के चरण में आवश्यक जांच के मानक के मद्देनजर यह निष्कर्ष निकालने के लिए बाध्यकारी आधार मिलता है कि तेज प्रताप यादव भी अधिग्रहण और अपराध की आय को छिपाने में शामिल थे।

**25 हजार का ईनामी...**

इसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ से बदमाश ने बताया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था। थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़े गए बदमाश पर विभिन्न आरोपों में करीब 9 मुकदमे पंजीकृत हैं।

**कोर्ट परिसर से...**

मामला दर्ज कराया है। न्यायालय परिसर के अंदर से वाहन चोरी की घटना होने से अधिवक्ताओं में खासा रोष व्याप्त है।

बता दें कि जिला न्यायालय के बाहर चोर गिरोह सक्रिय है। आए दिन वाहन चोर यहां से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद भी न्यायालय के बाहर से वाहन चोरी होने की घटनाएं थम नहीं रही हैं।

**शोरूम से गाड़ी...**

इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। उन्होंने अफजल खान के मोबाइल फोन पर संपर्क किया। अफजल खान ने एक-दो दिन में कार वापस लौटने का आश्वासन दिया। इसके बाद उसने शोरूम कर्मियों का मोबाइल फोन उठाना व मैसेज का जवाब देना बंद कर दिया। वैल्यू मैनेजर के मुताबिक आरोपी कार को लेकर फरार है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

**मुख्यमंत्री योगी से...**

चोरी-डकैती-छिनैती रुक नहीं रही। नशाखोरी बढ़ती जा रही है। अपराधी और माफिया सरकारी संरक्षण में घूम रहे हैं। इसके लिए कौन उत्तरदाई है? आँकड़े कहते हैं यूपी पुलिस पर रोजाना से पांच हमले हो रहे हैं। कानून के मुताबिक़ पुलिस गोली तभी चलाती है जब उसपर हमले आदि का ख़तरा हो। तो फिर अपराधियों के थर-थर काँपने वाले बयान का क्या हुआ? आज आंसू किसी बहन की आंख में हैं, कल किसी बहन के आंख में थे, कल को किसी और बहन की आंख में होंगे आखिर ये कब तक ऐसे ही चलता रहेगा? क्या किसी के भी साथ न्याय हुआ? अमीरों को छोड़कर क्या किसी की सुनवाई हो रही है? आर्थिक रूप से अक्षम/गरीब को न्याय कैसे मिलेगा? क्या यह आपका न्याय है? जनता की पहली प्रतिक्रिया यही आ रही है कि यादव के एनकाउंटर पर सवाल उठा तो ठाकुर को मार दिया आखिर यह रक्तपिपासा कब शांत होगी यह सब किसके दिशा निर्देश पर हो रहा है? अदालतों को धता बताकर यह गैरकानूनी सिलसिला कब तक चलेगा? राजनीति को बैलेंस करने के लिए कितने 'एनकाउंटर' किए जाएँगे इससे जनता में संदेश क्या जाएगा? गद्दी पर बैठे लोगों के लिए यह महज एक गोली का चलना है। एक नंबर है। गोली चलाने वाले हाथों के लिए यह एक और ईनाम है एक मैडल है, मगर इसमें जो परिवार छलनी हो रहा है, जो कानून-व्यवस्था की धज्जियाँ उड़ रही हैं, जो यूपी की माथे पर बदनुमा दाग लग रहा है उसका क्या, इन सब का जिम्मेदार कौन?

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष नोएडा कांग्रेस शहाबुद्दीन, महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा उपाध्यक्ष डा सीमा,महानगर महासचिव राम कुमार शर्मा, युवा कांग्रेस गौतमबुधनगर जिला अध्यक्ष जावेद खान, मुकेश पासवान, लालू यादव ,रवि यादव, हंस बैरागी, लाला बैरागी, शाहिद चौधरी, अमित जायसवाल, रोहित शर्मा, सलमान ,आरिफ, अमरदीप, सन्नी,राजू, बल्केश्वर राय, विवेक, अनुज, ऋषि ,लालू प्रसाद, सुनील व अन्य लोग मौजूद रहे।

**फॉर्च्यूनर, प्लॉट और...**

साथ घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता के मुताबिक उसने इसकी शिकायत पुलिस से की लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने राष्ट्रीय महिला आयोग व पुलिस कमिश्नर के यहां मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई। वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर थाना सूरजपुर पुलिस ने महिला के पति नरेश शर्मा, ससुर होशियार शर्मा, सास यशोदा देवी, ननद पिंकी, मीना, जेठ नीरज शर्मा व देवर दीपेंद्र शर्मा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**किशोरी का...**

वाला सफीक पुत्र रफीक निवासी ग्राम शहदरा उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उसने अपने स्तर पर अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी युवक व किशोरी की तलाश की जा रही है।

**प्राधिकरणकर्मी से...**

उस पर लूट की बजाय मोबाइल चोरी की तहरीर देने का दबाव बनाया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

थाना सूरजपुर में डेल्टा-1 सेक्टर में रहने वाले रवि शर्मा ने अपना मोबाइल फोन लूटे जाने की रिपोर्ट कर दर्ज कराई है।

रवि शर्मा के मुताबिक वह 3 सितंबर की रात को विप्रो कंपनी में ड्यूटी के लिए गया था। खाना खाने के बाद वह डेल्टा वन की मार्केट की तरफ आ रहा था। इस दौरान पल्सर बाइक पर आए दो बदमाशों ने हाथापाई कर उससे मोबाइल फोन छीन लिया। उसने जब विरोध किया तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट भी की। बदमाशों ने उसकी कंपनी का लैपटॉप भी लूटने का प्रयास किया। शोर मचाने पर बदमाश मारपीट कर फोन लूट कर फरार हो गए।

वहीं थाना जेवर में ग्राम जवां जनपद बुलंदशहर निवासी नरेंद्र कुमार शर्मा ने बाइक लूटे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हरेंद्र कुमार शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 5 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी से अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक से अपने घर जा रहा था।वह रेडिसन स्कूल के पास लघु शंका करने के लिए रुका। उसने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और लघु शंका करने लगा। इस दौरान बाइक पर आए तीन लड़के उसकी बाइक को ले जाने लगे। उसने जब इस बात का विरोध किया तो तीनों युवकों ने उसके साथ मारपीट की और बाइक को लूट कर फरार हो गए। हरेंद्र कुमार शर्मा के मुताबिक बाइक की डिक्की में उसका पर्स व अन्य कागजात रखे हुए थे। उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने पीडति की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## खास खबर

### चीन ओपन : कोको गॉफ फाइनल में पहुंची

**बीजिंग ।** अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ चीन ओपन के फाइनल में पहुंच गयी हैं। गॉफ ने इस मुकाबले के दौरान एक सेट से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए पाउला बडोसा को 4-6, 6-4, 6-2 से हराया। इससे पहले भी गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने मैच जीते हैं। वापसी कर मैच को अपने नाम किया। गाफ बडोसा के खिलाफ शुरूआती सेट में हारने के बाद दूसरे सेट में भी 1-3 से पीछे हो गयी थी पर इसके बाद उसने कोई गलती नहीं की। गॉफ का सामना अब उसकी टक्कर चीन की झेंग किनवेन या चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से होगा ।

### एक हार से रुक नहीं सकते : जेमिमा रोड्रिग्स

**दुबई ।** भारतीय मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा है कि भारतीय टीम को महिला टी20 विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड से मिली हार को पीछे छोड़कर आगे बढ़ाना होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को शुक्रवार को कीवी टीम के खिलाफ 58 रन से हार का सामना करना पड़ा। अब, भारतीय टीम अपने अगले मैच में रविवार को पाकिस्तान का सामना करेगी। रोड्रिग्स ने कहा, हमें मैच को भूलकर आगे बढ़ना होगा क्योंकि यह विश्व कप है। हम एक मैच की हार पर अटके रह सकते हैं। उन्होंने कहा, हम एक प्रक्रिया का पालन कर एक बार में एक मैच पर पूरा ध्यान दे रहे ताकि अपना 100 प्रतिशत दे सके। हम जानते हैं कि अब हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा है। जेमिमा ने कहा कि अगर टीम अपनी प्रक्रिया पर कायम रहती है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है, तब वे मैच जीतने में सफल हो सकते हैं।

### दिल्ली फ्रेंचाइजी के हॉकी निदेशक बने श्रीजेश

**नई दिल्ली ।** भातीय हॉकी टीम के स्टार गोलकीपर रहे पीआर श्रीजेश को आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए दिल्ली फ्रेंचाइजी का हॉकी निदेशक बनाया गया है। इस लीग के लिए एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) ने एचआईएल के लिए दिल्ली टीम का अधिग्रहण कर उसे दिल्ली एसजी पाइपर्स नाम दिया है। ये लीग 28 दिसंबर से शुरू होगी तथा दो स्थानों राउरकेला (पुरुष) और रांची (महिला) में आयोजित की जाएगी। इसमें पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ टीमें होंगी जबकि पहली बार आयोजित होने वाली महिला स्पर्धा में छह टीमें भाग लेंगी। ये लीग 28 दिसंबर से एक फरवरी तक खेली जाएगी। खेल की विश्व नियामक संस्था एफआईएच ने एचआईएल को 10 साल की अनुमति दी है। इस लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक यहां होगी। कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक इसमें शामिल होंगे। श्रीजेश लीग में खेल के प्रशासनिक पक्ष से जुड़ रहे हैं। श्रीजेश ने कहा, मेरे लिए यह पूरी तरह नया अनुभव होगा। पिछले महीने तक मैं एक सक्रिय खिलाड़ी था पर अब मैं एक अलग भूमिका में रहूंगा।

### इंटर स्कूल क्लाइंबिंग स्पर्धा में इन्दौर चैंपियन

**इन्दौर।** आल इंडिया आइपीएससी इंटर स्कूल स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग स्पर्धा में मेजबान इंदौर के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए ओवरआल चैंपियनशिप जीत शहर का मान बढ़ाया। स्पर्धा में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने अपनी चुनौती पेश की थी। जिसमें एमरल्ड हाइट्स की टीम ओवरआल चैंपियन बनी जबकि अजमेर के मेयो कालेज की टीम दूसरे स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण खेल अधिकारी अकरम खान एवं ज्यूरी प्रमुख प्राजक्ता गोडे के आतिथ्य में हुआ। बालक और बालिका वर्ग में खेली गई स्पर्धा में खिलाड़ियों को खड़ी दीवार कर चढ़कर टारगेट पांइट पर पहुंच लक्ष्य हासिल करना होता है। अंडर-19 वर्ष बालक वर्ग के बोल्डरिंग इवेंट में एमरल्ड हाइट्स स्कूल के आरव जैन ने पहला स्थान प्राप्त किया।

# टी20 विश्व कप : श्रीलंकाई महिला टीम दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारी

एजेंसी

**शारजाह।** श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम को टी20 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में भी हार का सामन करना पड़ा है। श्रीलंकाई टीम को गत विजेता ऑस्ट्रेलिया टीम ने हराया। है। इस मुकाबले में श्रीलंकाई टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 93 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया टीम ने बेथ मूनी के 43 रनों की बेहतरीन पारी से 6 विकेट से 14.2 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। हर्षिता ने 35 गेंदों पर 23 जबकि निष्काशी ने 40 गेंदों पर 29 रन बनाए। वहीं



ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेघन ने 4 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि हां, हमने अच्छी शुरूआत की है और मैं इससे खुश हूं। हमने हालातों के साथ बेहतर तालमेल दिखाय। अब हमारा लक्ष्य अगले मैच में जीत दर्ज करना है। साथ ही कहा कि हम पूरे टूनामेंट में कुछ अलग चीजें आजमाएंगे। हमारी बल्लेबाजी लाइनअप अच्छा कर रही है पर गेंदबाज लय में नहीं दिखे।

वहीं श्रीलंकाई कप्तान चमारी अथापत्थु ने हार पर निराश होते हुए कहा कि हम पिछले 2 महीनों में अच्छा क्रिकेट खेल रहे थे, यहां तक ??कि वॉर्मअप में भी हमारा प्रदर्शन अच्छा था पर हम कम टर्न और उछाल वाली इन पिचों पर हमारी खिलाड़ी लंबी पारी नहीं खेल पायीं। मुझे उम्मीद है कि हम अपने अगले गेम में सुधार करेंगे।

## अमान की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी

**मुम्बई ।** कप्तान मोहम्मद अमान की कप्तानी में भारतीय अंडर 19 ने ऑट्रिलिया को हराकर सीरीज जीती है। अमान की कप्तानी में टीम इंडिया ने सभी तीन मुकाबले जीते थे। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कप्तानी करने से पहले एशिया कप में भारतीय अंडर-19 टीम में शामिल हैं। अमान की कप्तानी में टीम इंडिया ने सभी तीन मुकाबले जीते थे। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कप्तानी करने से पहले एशिया कप के लिए अंडर-19 टीम का हिस्सा भी रहे है। अमान का क्रिकेटर बनने का सफर बेहद कठिन रह। अमान के माता पिता का निधान हो गया है। इसके बा भी वह क्रिकेटर बनने का जुनुन जारी रखे हैं। वह 14 साल के थे तो उनकी मां सायबा का निधन 2020 में कोविड-19 महामारी



के दौरान हुआ था। . इसके ठीक दो साल बाद 2022 में उनके पिता मेहताब का भी निधन हो गया। अमान का क्रिकेट करियर घरेलू टूनामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ। उन्होंने वीनू मांकड़ ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश अंडर-19 टीम के लिए अच्छ प्रदर्शन किया था। उन्होंने आठ पारियों में 363 रन बनाए थे। इसमें चार अर्धशतक भी शामिल थे। उनके लगातार प्रदर्शन ने उन्हें टूनामेंट के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बना दिया।

## आईएमएल लीग में खेलते नजर आयेंगे सचिन सहित दिग्गज क्रिकेट

एजेंसी

**मुम्बई ।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के लिए कमिश्नर बनाया गया है। फ्रैंचाइजी आधारित ये टी20 लीग इसी साल शुरू होगी। इसमें छह टीमें शामिल होंगी। ये टूनामेंट हर साल खेला जाएगा। इसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के दिग्गज खिलाड़ी खेलते हुए दिखेंगे।

इसमें लोगों को एक बार फिर सचिन तेंदुलकर की बल्लेबाजी देखने का अवसर फिर मिलेगा। इस लीग को लेकर गावस्कर बेहद उत्साहित हैं।




उनका कहना है कि इससे पूर्व खिलाड़ियों में फिर से ऊर्जा आयेगी। उन्हें एक बार फिर से अपने देश के लिए खेलने का अवसर मिलेगा। ये टूनामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर का ही होगा। गावस्कर ने सचिन के खेलने को लेकर कहा कि वह हमेशा ही ताजगी से भरे रहते हैं। वह सिर्फ भारतीय नहीं, बल्कि हर क्रिकेट प्रेमी के दिल में बसते हैं। इसलिए उनके फिर से मैदान में उतरने को लेकर बहुत उत्साह और बेसब्री है। वह हर खेल को पूरी लगन से खेलते हैं, तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि आगे कुछ रोमांचक पल देखने को मिलेंगे।

गावस्कर ने कहा कि पहले सत्र के लिए केवल तीन स्थल रखे गये हैं पर जैसे-जैसे सीजन आगे बढ़ेंगे, और भी स्थानों पर आईएमएल का आयोजन हो सकेगा। गावस्कर ने कहा कि कमिश्नर के तौर मुझे ये देखना होगा कि लीग बिना किसी परेशानी के सुचारू रूप से चले। खिलाड़ियों को पता है कि उनसे क्या उम्मीद की जाती है और वे पर्याप्त अनुभवी हैं,।

## आईपीएल में भी कप्तानी करना चाहते हैं सूर्यकुमार

एजेंसी

**ग्वालियर।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आने वाले समय में आईपीएल में भी कप्तानी करना चाहते हैं। अभी सूर्या भारतीय टी20 टीम के कप्तान हैं। ऐसे में उनकी फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस उन्हें हर हाल में बरकरार रखना चाहेगी। आईपीएल के लिए निलामी दिसंबर में होगी।

अब देखना है कि मुम्बई उन्हें कप्तानी को अवसर देगी या नहीं। मुम्बई ने पिछले सत्र में हार्दिक पंडया को कप्तान बनाया पर उनका और टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पिछले आईपीएल के बाद से




सूर्यकुमार सबकी नजरों में हैं। ऐस में मुंबई इंडियंस उन्हें कोई अहम भूमिका देना चाहेगी सूर्यकुमार ने कहा कि मैं किसी भी नई भूमिका के लिए तैयार रहूंगा। सूर्या ने श्रीलंका के खिलाफ कप्तानी करने से पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई सीरीज में भी कप्तानी की थी। वहीं सूर्यकुमार ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में युवाओं का अवसर मिला है। ऐसे में इन खिलाड़ियों के पास अपने को साबित करने का अच्छ अवसर मिलेगा।

## रैना की सिक्सी स्ट्राइक्स टूर्नामेंट में आक्रामक बल्लेबाजी

एजेंसी

**न्यूयार्क ।** भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना आजकल अमेरिका में जारी सिक्सी स्ट्राइक्स टूनामेंट में अपने आक्रामक बल्लेबाजी से छाये हुए हैं। रैना ने यहां आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत भी दिलायी है। इस टूनामेंट में वह न्यूयॉर्क लायंस की ओर से खेल रहे हैं। न्यूयॉर्क लायंस और लॉस एंजिलिस वेव्स के बीच खेले गये मुकाबले में रैना ने बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की गेंदों की भी जमकर पिटाई की रैना ने शाकिब के ओवर में दो छक्के लगा दिया। इसके अलावा चौका भी लगाया । शाकिब के ओवर से कुल 18 रन आए थे। रैना की इस तेज पारी की वीडियो सोशल मीडिया पर



जमकर वायरल हो रही है। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने 28 गेंद पर 53 रन बनाए। उनके बल्ले से इस पारी में 6 चौके और 3 छक्के देखने को मिले। रैना के कारण न्यूयॉर्क लायंस 19 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। निर्धारित 10 ओवर में न्यूयॉर्क ने 4 विकेट पर 126 रन ठोक बनाये। रैना ने उपुल थरंगा के साथ मिलकर 89 रन की साझेदारी की।

### मैं उत्तर भारतीय क्रिकेटरों पर ध्यान नहीं देता : मांजरेकर

**दुबई।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर अपने विवादास्पद बयानों के लिए हमेशा चचाओं में रहते हैं। इस बार महिला टी20 विश्वप में मांजरेकर ने भारत और न्यूजीलैंड मैच के दौरान एक अजीब सी टिप्पणी कर दी जिसके बाद से ही वह प्रशंसकों की आलोचना झेल रहे हैं। न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी के दौरान मांजरेकर ने महिला टीम के फील्डिंग कोच मुनीश बाली को लेकर कहा कि मुझे उत्तर भारतीय क्रिकेटरों में कोई रुचि नहीं है। साथ ही कहा कि उत्तर के खिलाड़ियों की तरफ मेरा ज्यादा ध्यान नहीं होता। इसलिए पहचान नहीं पाया। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के पहले मुकाबले में 58 रन से हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने 58 रन की हार के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला।

## सहवाग के जोखिम भरे शॉट को लेकर भडक गए थे जॉन राइट

- कोच ने गुस्से में सहवाग को मारा था जोरदार मुक्का

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आक्रामक बल्लेबाजी शैली और जोखिम लेने की प्रवृत्ति पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग हमेशा चर्चा का विषय बनाती रही है। एक बार तो सहवाग के कोच जॉन राइट इतना नाराज हो गए कि उन्होंने सहवाग को मुक्का मार दिया। यह घटना उस समय की है जब सचिन तेंदुलकर भी ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे, लेकिन उन्होंने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सौरव गांगुली ने इस बारे में एक किस्सा साझा किया है, जिसमें बताया गया कि कैसे सहवाग ने एक मैच में अपने जोखिम भरे शॉट के




कारण कोच को भड़काया। गांगुली ने कहा, मुझे याद है कि यह श्रीलंका के खिलाफ एजबेस्टर में हुआ था। उस समय हमारा लक्ष्य 210 रन का था। सहवाग ने अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से हमें जीत दिलाई। मैच के बाद, जब मैं ड्रेसिंग रूम में गया, तो माहौल काफी गंभीर था ह्वगांगुली ने अनिल कुंबले से पूछा कि ऐसा क्यों हुआ, तो कुंबले ने बताया कि जॉन राइट ने सहवाग को कोने में घसीटकर मुक्का मारा। राइट ने सहवाग से कहा, ह्वअब तुम भारत के लिए दोबारा नहीं खेलोगे, क्योंकि उस शॉट के कारण हम हार सकते थे ह्व गांगुली ने जॉन से पूछा कि क्या सहवाग ने पलटकर कोई प्रतिक्रिया दी, तो राइट ने कहा कि सहवाग ने ऐसा नहीं किया।

जब गांगुली ने सहवाग से बात की, तो उन्होंने इसे हल्के में लिया और कहा, ह्वजाने दो, ऐसा होता रहता है। मैंने एक खराब शॉट खेला ह्व इसके बाद, गांगुली ने सचिन से इस बारे में पूछा, तो सचिन ने कहा कि वह उस समय चाय का आनंद ले रहे थे और स्थिति को देखकर कुछ नहीं बोले। यह घटना सहवाग के खेल के प्रति उनकी साहसिकता और टीम के माहौल को दशार्ती है। बता दें कि सहवाग के आक्रामक खेल के कारण उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। वह पहले गेंद से ही गेंदबाजों पर दबाव बनाने में माहिर थे।

## पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां घर में मृत पायीं गयीं

एजेंसी

**पुणे।** पूर्व क्रिकेटर सलिल अंकोला की मां माया अंकोल का निधन हो गया है। 77 साल की माया अंकोला घर में मृत पायी गयी। ये मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। अब तक जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति के हमले में इस क्रिकेटर की मां की मौत हुई है पॉश डेक्कन इलाके में प्रभात रोड पर अंकोला का घर है। इस मामले की जांच के लिए विशेषज्ञों के साथ पुलिस की टीमें भी पहुंची। घर की नौकरानी ने सबसे पहले माया अंकोला को मृत देखा और उसी के बाद पुलिस वहां पहुंची। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि क्रिकेटर की मां को



तत्काल ही अस्पताल ले जाया गया था। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उसकी रिपोर्ट के बाद ही इस मामले में पक्के तौर पर कुछ कहा जा सकेग। अब तक की जांच में उनके घर में जबरन किसी के प्रवेश की आशंका नजर नहीं है। इसके अलावा आप-पास रहने वाले लोगों ने घर से कोई आवाज सुनी है। पुलिस अभी सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है। सबूत एकत्र करने के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम अंकोला स्थित घर पहुंच गई है और अपराध की जांच के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। इस क्रिकेटर के साथ दूसरी बार ये ये हादसा हुआ है। इससे पहले 2013 में उनकी पत्नी ने भी आत्म हत्या कर ली थी

महाराष्ट्र की ओर से खेलने वाले अंकोला ने अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत काफी पहले की थी। साल 1989 को उन्हें भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला। बाद में सलिल ने वनडे में भी डेब्यू किया।

## रिंकू सिंह ने बनवाया भगवान की योजना वाला टैटू

एजेंसी

**ग्वालियर ।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक क्रिकेटर रिंकू सिंह टैटू के खासे शौकीन हैं। रिंकू ने इस बार जो टैटू बनवाया है। वहीं अन्य से काफी अलग हैं। रिंकू ने कहा मेरी एक प्रसिद्ध कहावत है गॉड प्लान (ईश्वर की योजना)। मैंने अपना टैटू उसी के आधार पर डिजाइन किया है। इसमें भगवान की योजना शब्द एक वृत्त के अंदर लिखा हुआ है, जो सूर्य का प्रतीक है। साथ ही कहा कि टैटू मुख्य रुप से आईपीएल में मेरे 5 छक्कों का प्रतिनिधित्व है। इस मैच से मेरा जीवन बदल दिया। इसलिए मैंने सोचा कि मैं उन्हें टैटू में शामिल करूंगा।रिंकू आईपीएल 2023 के दौरान लगातार लगाए




गए 5 छक्कों से सबकी नजरों में आये थे। तब उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए अंतिम 5 गेंदों पर गुजरात टाइटंस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल पर 5 छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। रिंकू ने उस सत्र के 14 मैचों में 149.53 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाए, जिससे उन्हें भारतीय टीम में बुलाया गया। अगस्त 2023 में आयरलैंड के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से रिंकू भारत के लिए फिनिशर के रूप में उभरे हैं। उन्होंने 23 मैचों में 174.16 की स्ट्राइक-रेट से 418 रन बनाए हैं। रिंकू अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को मलेशिया में होने वाले सुल्तान ऑफ जोहोर कप के 12वें संस्करण के लिए 18 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। टीम का कप्तान आमिर अली को बनाया गया है, जबकि रोहित उप कप्तान होंगे। पूर्व दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का बतौर मुख्य कोच यह पहला दौरा होगा।

भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगी। इसके बाद भारतीय टीम का सामना ग्रेट ब्रिटेन से 20 अक्टूबर को, मेजबान मलेशिया से 22 अक्टूबर को, ऑस्ट्रेलिया से 23 अक्टूबर को और न्यूजीलैंड से



25 अक्टूबर को होगा। शीर्ष दो टीमें 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी।

डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह दो ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने हाल ही में चीन में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय हॉकी टीम के लिए खेला और भारत को अपना खिताब बरकरार रखने में मदद की। आमिर ने टूनामेंट में चोटिल डिफेंडर संजय की जगह बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि गुरजोत ने सभी मैचों में फॉरवर्ड लाइन का नेतृत्व किया और अपार क्षमता दिखाई।

कप्तान आमिर अली ने हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा, ₹सुल्तान ऑफ जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूनामेंट है। यह टूनामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए एक टेस्ट के रूप में काम करेगा। सभी खिलाड़ी मलेशिया में खेलने के लिए उत्साहित हैं।₹ उप कप्तान रोहित ने कहा कि पूरी टीम आगे बढ़ने के लिए बेताब है। पीआर श्रीजेश भारत के लिए खेलने वाले सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और हम अपने पहले टूनामेंट में उन्हें गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं। हम सुल्तान जोहोर कप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करके इसका लाभ उठाना चाहते हैं।



बिजिंग में चीन ओपन टेनिस में खेलती हुई कैरोलिन मुसेवा।



# हो जाए एक चुस्कीदार करियर?

**लगभग हर घर में चाय पसंदीदा पेय है। टी प्रोडक्शन में करियर की बढ़ती संभावनाओं के साथ टी-टेस्टिंग एक आकर्षक फील्ड है। जानते हैं, बतौर टी-टेस्टर कहां हैं करियर की संभावनाएं।**



टी–टेस्टर का काम सिर्फ चाय की चुस्की लेना नहीं, बल्कि उसकी चुस्की के साथ यह बताना है कि किस चाय में किस तरह का स्वाद है और कौन–सी चाय किस चाय से बेहतर है। एक खास तरह के टेस्ट के लिए एक्सपर्ट की सलाह भी वही देता है। इसलिए उसे चाय बागान में चाय उगाने और तैयार करने की प्रक्रियाओं सहित सभी तरह की चाय, पत्तियों, ग्रेड्स और लिक्योर्स के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। बेहतर सैलरी पैकेज के कारण टी–टेस्टर की जॉब और भी आकर्षक हो जाती है। इस फील्ड की खास बात यह है कि इसमें आमदनी अच्छी होने के साथ–साथ प्रकृति के नजदीक रहने का भी मौका मिलता है। साथ ही, विदेश में काम करने का भी शानदार ऑप्शन होता है।

## एलिजिबिलिटी

टी–टेस्टिंग के लिए किसी तरह का औपचारिक डिग्री कोर्स उपलब्ध नहीं है। हालांकि, कुछ सर्टिफिकेट कोर्स हैं, जो टी–टेस्टिंग की विभिन्न टेक्निक्स को सीखने में मदद करते हैं। कोर्स के लिए बेसिक योग्यता ग्रेजुएशन है। यदि आपके पास फूड साइंस, हॉर्टिकल्चर, एग्रीकल्चर साइंस



या बॉटनी की डिग्री है, तो आप इस फील्ड में करियर बना सकते हैं। टी–टेस्टिंग से रिलेटेड कोर्स भारत के साथ विदेश से भी कर सकते हैं।

## अवसर

होटल, हॉस्पिटैलिटी सेक्टर और टी हाउसेज के रूप में स्थापित बड़े रेस्तरां में टी–टेस्टर की जबर्दस्त डिमांड है। पांच–सितारा होटलों में टी–रूम होते हैं, जहां टी–टेस्टरों को ही विभिन्न स्तरों पर नियुक्त किया जाता है। यहां टी–टेस्टर को चाय का ब्लैंड तैयार करना होता है, यानी एक से अधिक चायों को मिलाकर नया स्वाद तैयार करना होता है।

## सैलरी पैकेज

बड़े और नामी टी–हाउसेज में टी–टेस्टर को शुरू–शुरू में 15 से 25 हजार रुपए प्रति माह सैलरी मिलती है, जबकि पांच–सितारा होटल में काम करने वाले को शुरूआत में लगभग 30 से 40 हजार रुपए प्रति माह मिल सकते हैं। अनुभव के साथ यह सैलरी बढ़ती जाती है।

## स्किल्स

- महक की पहचान
- निर्णय लेने की क्षमता
- टी–प्रोसेसिंग की जानकारी
- आत्मविश्वास
- अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स

# प्राचीन संस्थान, बेहतरीन शिक्षा

**विश्व के लगभग 90 प्रतिशत देशों के विद्यार्थी यूके में अध्ययन को वरीयता देते हैं। यूके भारतीय विद्यार्थियों की वरीयता सूची में भी अग्रणी है। इस समय भी भारतीय विद्यार्थियों की अच्छी-खासी संख्या वहां मौजूद है। गुणवत्ता ब्रिटेन की शिक्षा की विशेषता है। बेहतर शिक्षा स्तर ही इसे अन्य देशों की तुलना में अच्छा बनाता है। यही नहीं, यहां के विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए विश्व स्तरीय सलाहकार मौजूद हैं। ये विशेषज्ञ शिक्षा के साथ-साथ अन्य विषयों में भी विद्यार्थियों की समुचित मदद करते हैं।**



## अंग्रेजी का घर

अंग्रेजी आज विश्व की सर्वमान्य भाषा बन गई है। अधिकतर बड़ी कंपनियों में आज इसी भाषा में काम किया जा रहा है। यूके तो अंग्रेजी का घर है। यहां अंग्रेजी में ही शिक्षा एवं बाकी का सारा कार्य किया जाता है। अगर आप वहां जाकर पढ़ना चाहते हैं, तो अंग्रेजी पर आपकी अच्छी कमांड होना जरूरी है।

## वाजिब फीस

यूके के शिक्षण संस्थानों को बेहतर रिजल्ट के कारण विश्व में सम्मान की नजर से देखा जाता है। लगभग सभी देशों में यहां की डिग्री एवं डिप्लोमा को मान्यता मिली हुई है। यूके में विभिन्न विषयों की फीस को बहुत अधिक नहीं माना जाता है। यहां शिक्षा की गुणवत्ता को देखते हुए, संस्थानों द्वारा ली जाने वाली फीस वाजिब ही कही जाएगी।

## पसंदीदा कोर्स

यूनाइटेड किंगडम में शिक्षण संस्थानों द्वारा जितने भी कोर्स चलाए जा रहे हैं, उनमें से सभी में भारतीय विद्यार्थियों की उपस्थिति है। भारतीय विद्यार्थी यहां इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, चिकित्सा विज्ञान, कला, फैशन डिजाइनिंग, एनिमेशन आदि के कोर्स में विशेष रुचि ले रहे हैं।

## सामाजिक सहयोग

यूनाइटेड किंगडम में सामाजिक संस्थाएं विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करती हैं। यहां के विश्वविद्यालयों में ऐसे संगठन छात्र संघों आदि के सहयोग से विद्यार्थी हित के कार्यक्रम चलाते हैं। ऐसे संगठन विद्यार्थियों को पुस्तकें, भोजन व्यय आदि भी उपलब्ध कराने का काम करते हैं।

## अनेक स्कॉलरशिप्स

ब्रिटेन में शिक्षा प्राप्त कर रहे एवं करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ब्रिटिश सरकार एवं कई सामाजसेवी संस्थाओं द्वारा स्कॉलरशिप एवं पुरस्कार योजनाएं चलाई जाती हैं। इन योजनाओं का लाभ अधिकतर उन विद्यार्थियों को ही दिया जाता है, जो बेहतर शैक्षणिक रिकॉर्ड रखते हैं। विदेशी एवं स्थानीय दोनों ही तरह के विद्यार्थियों के लिए यहां कई तरह की स्कॉलरशिप्स मौजूद हैं।

## शिक्षा के साथ काम

यूके में विदेशी विद्यार्थियों को यह सुविधा मिल जाती है कि वे सप्ताह में कुछ घंटे जॉब वर्क कर लें। हां, इसके लिए उन्हें कुछ नियम–कानूनों का पालन करना होता है। सर्वप्रथम उस संस्थान की अनुमति लेनी होती है, जहां वे पढ़ रहे हैं।

### प्रमुख संस्थान

- लंदन स्कूल ऑफ कॉमर्स
- यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन
- यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ
- लंदन मैट्रोपोलिटन यूनिवर्सिटी
- वेस्ट लंदन कॉलेज
- यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम





# क्या आपमें है कम्युनिकेशन की काबिलियत?

**हममें से अधिकांश लोग बहुत कुछ जानने के बावजूद अपनी बात को प्रभावी तरीके से रख नहीं पाते हैं। अपनी इस कमी पर वे खुद हैरान होते रहते हैं। इसका उन्हें खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। आखिर वे कम्युनिकेशन की कसौटी पर क्यों खरे नहीं उतर पाते हैं? अपनी बात कहने में कैसे पारंगत बनें? आइए, जानते हैं।**

मेरे एक करीबी मित्र हैं। खूब पढ़ने वाले और बेहद जानकार। उनसे किसी भी फील्ड से जुड़े किसी भी मुद्दे पर बात कर लें, उनके ज्ञान की गहराई देखकर हैरानी होती है। अपने स्कूली दिनों से ही वे जानकारी के मामले में बहुत जागरूक रहे हैं, लेकिन कॉलेज के दिनों तक उनके साथ सब कुछ इतना अच्छा नहीं था। दरअसल, जानकारी के मामले में समृद्ध होने के बावजूद वे काफी संकोची थे। इसी कारण ज्यादा लोगों के बीच, खासकर किसी मंच पर अपनी बात रखने में उन्हें काफी मुश्किल होती थी।

मंच पर पहुंचते ही उन्हें ऐसा लगता था कि जैसे उन्हें कुछ नहीं आता। ऐसे में वे ऐसा कुछ भी नहीं बोल पाते थे, जो दूसरों पर छाप छोड़ सके या उन्हें बांध सके। जैसे–तैसे वे थोड़ा–बहुत बोल पाते थे और नर्वस होकर मंच से उतर आते थे। उन्हें खुद आश्चर्य होता था कि आखिर उनके साथ ऐसा क्यों होता है। विषय पर अच्छी पकड़ होने के बावजूद वे अपनी बात प्रभावशाली तरीके से क्यों नहीं रख पाते?

काफी सोच–विचार, करीबी मित्रों से परामर्श और मनोचिकित्सक से सलाह लेने के बाद वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि किसी पब्लिक प्लेस पर स्पीच देने या अपनी बात रखते समय उन्हें भूल जाना चाहिए कि सामने कोई बैठा है। शुरूआत में वे अपनी आंखें बंद कर इसका अभ्यास कर सकते हैं। उन्होंने ऐसा ही किया। श्रोताओं पर ध्यान देने के बजाए वे खुद को एकाग्र करने लगे।

इसका नतीजा यह हुआ कि वे अपने विषय में कहीं ज्यादा डूबने लगे। कुछ ही दिनों में वे धाराप्रवाह बोलने लगे, वह भी पूरी तरह मौलिक, यानी वे जो बोलते थे, वह उनके दिल से निकली आवाज लगती थी। सुनने वालों पर भी इसका जादू जैसा असर होता था और वे जब तक बोलते थे, कोई भी अपनी जगह से टस से मस नहीं होता था। आज वे एक कामयाब मोटिवेशनल स्पीकर हैं। लोग उनकी बातें सुनने और उनसे कामयाबी के टिप्स लेने को लालायित रहते हैं।

## मौलिकता पर जोर

जो भी जानकारी जुटाना चाहते हैं, उसे रटने के बजाए समझें। किसी भी कंसेप्ट को अच्छी तरह समझने के बाद ही आप उसके बारे में किसी को ठीक से बता सकते हैं। अगर आप रटने पर जोर देंगे, तो हो सकता है कि ऐन वक्त पर वह भूल जाएं और तब आपको कोई उत्तर नहीं सूझेगा। ऐसे में दायें–बायें झांकने के अलावा कोई चारा नहीं होगा। स्थिति अपमानजनक भी हो सकती है। सामने वाले की आंख से आंख मिलाकर जवाब आप तभी दे सकेंगे, जब आपका कंसेप्ट क्लियर होगा।

## भाव तथा आत्मीयता

सपाट, उदासीन भाव से कही गई बात कोई असर पैदा नहीं करती। आप कार्यस्थल पर अपने कलीग्स अथवा सीनियर्स से बात कर रहे हों या किसी इंटरव्यू बोर्ड का सामना कर रहे हों या फिर किसी मंच से संबोधन कर रहे हों, इन सबके दौरान समुचित भाव–भंगिमा और आत्मीयता के साथ (अनावश्यक दिखावा नहीं) अपनी बात रखते हैं, तो इससे सामने वाले अधिक प्रभावित हो सकते हैं। आप जो बात कह रहे हैं, उसमें आप पूरी तरह डूबे हुए हैं, यह दिखना चाहिए। इसी तरह आप दूसरे की बॉडी लैंग्वेज से उसकी प्रतिक्रिया जान–समझ सकते हैं।

## बोलने से पहले सुनें

अच्छा वक्ता होने या प्रभावशाली ढंग से बोलने की कला में पारंगत होने से पहले आपका अच्छा श्रोता होना जरूरी है। इसलिए बोलने में उतावलापन दिखाने के बजाए दूसरों की बातों को पहले ध्यान से सुनें। ऐसा करके ही आप उनकी बातों का मर्म समझ सकते हैं और उनका तर्कपूर्ण उत्तर दे सकते हैं।

## जानकारी जुटाएं

प्रभावपूर्ण तरीके से बोलने के लिए जरूरी है कि आप जिस विषय पर बोलना चाहते हैं, उससे संबंधित सारी जानकारियां आपके पास हों। जानकारी के बिना सिर्फ खोखली बातों से प्रभाव नहीं पैदा किया जा सकता। ज्ञान से आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। आत्मविश्वास ऊंचा होगा, तभी आप बेहिचक अपनी बात रख सकेंगे।

## बॉडी लैंग्वेज का हो साथ

कई बार आप कहते कुछ हैं मगर आपकी बॉडी लैंग्वेज उसके विपरीत संदेश दे रही होती है। इसका मतलब यह हुआ कि आप बेमन से वह बात कह रहे हैं। या तो आप उस बात को घुमा रहे हैं या फिर आपको सही जानकारी नहीं है। आपकी बात में समुचित प्रभाव तभी आ सकेगा, जब आप मन से अपनी बात कहेंगे और आपकी बॉडी लैंग्वेज भी आपका साथ दे रही होगी।

## विनम्रता का मंत्र

कुछ लोग अपनी बात कहते समय अनावश्यक रूप से बेहद उत्तेजित होकर जोर–जोर से (कभी–कभी लगभग चिल्लाते हुए) बोलने लगते हैं। यह अमर्यादित व्यवहार है। इस तरीके से बोलने पर आइंदा कोई भी आपसे बातचीत करने से परहेज करेगा। बातचीत और संवाद का बेहतर तरीका यही है कि आप जो भी बात कहें, उसे पूरी विनम्रता से पेश करें। बातचीत के दौरान नकारात्मक तरीकों से भरसक परहेज करें।

## ईमेल्स और फोन कॉल्स

आजकल कार्यस्थलों पर ज्यादातर कम्युनिकेशन ईमेल्स और फोन के जरिये होता है। वहां भी विनम्रता और सरलता के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। दूसरों से आप कुछ कहे रहे हों या फिर किसी की बात का जवाब दे रहे हों, दोनों में ही एटिकेट्स का ध्यान रखना जरूरी होता है।





# फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स ने मेरी लाइफ बदल दी

**वेब सीरीज फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में नजर आई अभिनेत्री और ज्वेलरी डिजाइनर नीलम कोठारी इसके अपकमिंग सीजन में काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस शो को लेकर अभिनेत्री ने कहा कि इससे उनके बिजनेस ने तरक्की की है।**

शो के बारे में बात करते हुए नीलम ने कहा, फैबुलस लाइव्स ने मेरी जिंदगी पूरी तरह बदल दी है। इसने मेरे लिए कई दरवाजे खोले हैं। मेरा ज्वेलरी और इंटीरियर डिजाइन का काम इससे काफी बढ़ा है। यह मेरे लिए वाकई गेम चेंजर रहा है। मैंने मेड इन हेवन में भी एक छोटा सा कैमियो किया है। उन्होंने आगे कहा, जो लोग मेरी फिल्में देखते थे, वह अब मुझे सीरीज के जरिए स्क्रीन पर देख रहे हैं। अब मेरे उन फैंस के साथ उनके बच्चे भी मेरे फैन हो गए है। यह सब फिल्?म मेकर करण जौहर की बदौलत ही मुमकिन हो पाया है। मैं इस मौका देने के लिए उनकी दिल से आभारी हूं। बता दें कि दर्शक जल्द ही वेब शो फैबुलस लाइफ वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स सीजन 3 का लुत्फ उठा पाएंगे। अगले सीजन के बारे में बात करते हुए नीलम ने कहा, मुझे लगता है कि सीजन 3 एक अलग तरह का सीजन होने वाला है। यह इस बार आश्चर्य से भरा होगा। इसमें भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। इसके अलावा भी इसमें बहुत कुछ दिखाई देगा नीलम एक बार फिर अपनी सहेलियों भावना पांडे, सीमा सजदेह और महीप कपूर के साथ रिद्धिमा कपूर साहनी, शालिनी पासी और कल्याणी चावला जैसे नए चेहरों के साथ मिलकर उनकी शानदार जिंदगी की झलक लेकर आ रही है। नीलम ने बताया कि अपने पुराने दोस्तों और नए कलाकारों के साथ काम करना बेहद शानदार रहा। इस बार दर्शकों को इसमें मेरा एक अलग ही अंदाज देखने को मिलेगा। नीलम ने कहा कि मुझे लगता है कि लोग इसे इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि इसमें दोस्तों की मंडली है और सभी वास्तविक हैं, हर किसी का व्यक्तित्व अपने आप में अलग है। मुझे लगता है कि यही कारण है कि शो ने इतना अच्छा प्रदर्शन किया।



# स्पाई एक्शन थ्रिलर में रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन साझा करेंगी सारा अर्जुन

**रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की सफलता के बाद रणवीर सिंह एक और सोलो प्रोजेक्ट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। नई फिल्म का निर्देशन आदित्य धर करेंगे। वहीं, अब इस फिल्म में मुख्य नायिका की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री के बारे में जानकारी सामने आई है। नई जानकारी के अनुसार, सारा अर्जुन इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन साझा करेंगी।**

सारा इससे पहले तमिल, तेलुगु और मलयालम के साथ-साथ कई हिंदी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेलवन में नंदिनी के बचपन का किरदार भी निभाया था। हालांकि सारा के किरदार के बारे में विस्तृत जानकारी अभी तक नहीं मिली है, लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों में अन्य फिल्मों में अपनी छोटी-मोटी भूमिकाओं की तुलना में अब इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, मुख्य भूमिका निभाने के बावजूद, आगामी प्रोजेक्ट में उनकी स्क्रीन पर सीमित उपस्थिति होगी। इसके अलावा, सारा की कास्टिंग को भी कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, जिसमें लोग उनके और रणवीर के बीच उम्र के अंतर पर सवाल उठा रहे थे। रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म का नाम धुरंधर है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से फिल्म के शीर्षक का एलान होना बाकी है। यह शीर्षकहीन फिल्म एक स्पाई एक्शन थ्रिलर होगी और आदित्य ने इसमें सहायक कलाकारों के रूप में संजय दत्त, आर. माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे प्रतिभाशाली चेहरों को शामिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणवीर पाकिस्तान में एक मिशन पर तैनात एक खुफिया अधिकारी की भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म के लिए प्रोडक्शन का काम इस साल जुलाई में ही शुरू हो गया था और निर्माता इसे अगले साल की दूसरी छमाही तक बड़े पर्दे पर लाने की योजना बना रहे हैं। संजय दत्त खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल भारतीय खुफिया एजेंसी का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि इस फिल्म को बड़े बजट के साथ बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है, जिसमें धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस और कहानी में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे। जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित, लोकेश धर और आदित्य धर के साथ उनके बैनर बी62 स्टूडियोज के तहत इस फिल्म का निर्देशन आदित्य ने किया है। यह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य धर की दूसरी प्रमुख मोशन पिक्चर होगी, जो वर्ष 2019 में रिलीज हुई रिकॉर्ड तोड़ ब्लॉकबस्टर उरी-द सर्जिकल स्ट्राइक के बाद है।

# आलिया की स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा क्रिसमस 2025 को होगी रिलीज



आलिया की स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा के निर्माताओं ने आखिरकार रिलीज की तारीख का खुलासा कर दिया है। यह फिल्म क्रिसमस पर यानी 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री शरवरी भी नजर आएंगी। अपकमिंग स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा की रिलीज डेट की घोषणा यशराज फिल्म्स बैनर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर की। इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर भी शेयर किया गया है, जिसमें रिलीज की तारीख बताई गई है। यशराज फिल्म्स बैनर ने पोस्ट पर कैप्शन देते हुए लिखा कि अल्फा क्रिसमस 2025 को रिलीज होगी। शिव रवैल द्वारा निर्देशित फिल्म में आलिया और शरवरी दोनों ही सुपर एजेंट की भूमिका में नजर आएंगी। सितंबर में यह बताया गया था कि दोनों अभिनेत्रियां मुंबई में अल्फा के अपने अगले चुनौतीपूर्ण शेड्यूल के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। उस समय एक सूत्र ने कहा था, अल्फा का सबसे खतरनाक, शारीरिक रूप से थका देने वाला शेड्यूल आलिया और शरवरी का इंतजार कर रहा है। सूत्र ने बताया कि शेड्यूल के लिए एक बहुत ही सुरक्षित सेट लगाया गया है। यह शूट 15 दिनों तक चलेगा। इसके लिए मुंबई में एक बहुत ही सुरक्षित सेट बनाया गया है और दोनों को इसके लिए बेहद ही खास तरह के फिटनेस की आवश्यकता होगी, ताकि दर्शक इसका भरपूर आनंद ले सके। सूत्र के अनुसार आलिया और शरवरी फिल्म में बहुत सारे एक्शन करती नजर आएंगी। सूत्र ने कहा, आलिया ने इस फिल्म के लिए महीनों की ट्रेनिंग ली है। कुछ दिनों पहले उनके ट्रेनर द्वारा अपलोड किए गए एक वीडियो में दिखाया गया था कि कैसे वह अल्फा के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। आलिया ने 2012 में करण जौहर की टीनएजर फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इसमें उनके साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन थे। इसके बाद वह हाईवे, हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, उड़ता पंजाब, बद्रीनाथ की दुल्हनिया, राजी, गली बॉय, गंगूबाई काठियावाड़ी, आरआरआर, ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन - शिवा और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने अभिनेता रणबीर कपूर से 14 अप्रैल, 2022 को मुंबई में पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाज से शादी की थी। दंपति की एक बेटी है जिसका नाम राहा है।



# तनु वेड्स मनु 3 में तिहरी भूमिका में नजर आएंगी कंगना रनौत

कंगना रनौत कथित तौर पर तनु वेड्स मनु 3 में ट्रिपल रोल निभाने के लिए तैयार हैं। फिल्म की स्क्रिप्टिंग चल रही है और यह 2025 में फ्लोर पर आएगी। तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में डबल रोल निभाने के बाद, कंगना रनौत इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म में ट्रिपल रोल निभा सकती हैं। अगर रिपोर्ट्स की मानें तो डायरेक्टर आनंद एल राय की तनु वेड्स मनु 3 में कंगना रनौत ट्रिपल रोल में होंगी। रिपोर्ट के अनुसार, कंगना को आर माधवन के साथ फिल्म के लिए ट्रिपल रोल ऑफर किया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, कंगना अपने करियर की पहली ट्रिपल भूमिका निभाने के लिए उत्साहित हैं, और आनंद एल राय से पूरी कहानी का इंतज़ार कर रही हैं। यह फिल्म उन्हें एक कलाकार के रूप में नए रूप में ढलने का मौका देगी। यह आश्चर्य की बात है, खासकर तब जब कंगना रनौत ने पहले कहा था कि अगर उनका राजनीतिक करियर आगे बढ़ा तो वह बॉलीवुड करियर को अलविदा कहने पर विचार कर सकती हैं। उसी सूत्र ने फिल्म के बारे में भी बात की और कहा, यह सही मायनों में एक सीक्वल है और निर्माताओं को एक ऐसी कहानी मिली है जो खुद को एक त्रयी की ओर ले जाती है। भाग एक और दो की दुनिया के प्रति सच्चे रहते हुए, तीसरी किस्त भी रोमांस और ड्रामा के साथ हास्य का मिश्रण होगी। मूल विचार आनंद एल राय द्वारा तय किया गया है और इरादा 2025 की दूसरी छमाही में फिल्म को फ्लोर पर ले जाने का है। आनंद एल राय फिलहाल तेरे इश्क में व्यस्त हैं, जिसमें वे धनुष के साथ फिर से काम कर रहे हैं। इस बीच, कंगना अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी के लिए सेंसर बोर्ड सर्टिफिकेट का इंतजार कर रही हैं,



# अनन्या की फिल्म कंट्रोल पर आई सामंथा की प्रतिक्रिया

अनन्या पांडे अपनी नवीनतम फिल्म कंट्रोल को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली है वहीं, अब अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने कंट्रोल का रिव्यू किया है। सामंथा ने शनिवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म के बारे में अपनी राय साझा की। उन्होंने फिल्म में अनन्या पांडे के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए इसे उत्कृष्ट बताया। सामंथा ने आगे लिखा, फिल्म शुरू से अंत तक मनोरंजक है और असाधारण रूप से अच्छी तरह से बनाया गया है।



# बिग बॉस 18 में नजर आने वाली हैं नब्बे के दशक की अभिनेत्री रही शिल्पा शिरोडकर

शिल्पा शिरोडकर जल्द ही बिग बॉस 18 में शिरकत करती नजर आने वाली हैं। लंबे समय से फिल्मी चकाचौंध से दूर रहीं शिल्पा हिंदी फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। वह नब्बे के दशक की बेहतरीन अभिनेत्री रही हैं, जिन्होंने कई सफल फिल्में की हैं। वह बॉलीवुड के उन चुनिंदा कलाकारों में से हैं, जिन्होंने स्टारडम की ऊंचाईयों पर पहुंचने के बाद फिल्मी दुनिया को अलविदा कह दिया था।

अब एक बार फिर वह बिग बॉस के द्वारा अपना जलवा बिखेरने को तैयार नजर आ रही हैं। महाराष्ट्र में जन्मी शिल्पा मशहूर मराठी अभिनेत्री मीनाक्षी शिरोडकर की पौत्री हैं। शिल्पा के ईर्द-गिर्द कला और अभिनय हमेशा से मौजूद रहा। उनकी बहन नम्रता शिरोड़कर भी एक अभिनेत्री हैं। दोनों ने अपना करियर लगभग एक साथ ही शुरु किया। नम्रता मॉडलिंग में सक्रिय हो गई और शिल्पा अभिनय की दुनिया में आ गईं। शिल्पा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 1989 की फिल्म भ्रष्टाचार से किया था। भ्रष्टाचार के बाद उन्होंने कई और फिल्मों में काम किया। उन्होंने इंडस्ट्री के कई जाने-माने हीरो के अपोजिट मुख्य भूमिकाएं की हैं। शिल्पा ने अपने अभिनय और खूबसूरती से अपनी एक अलग पहचान बनाई। उन्हें साल 1990 में आई फिल्म कृष्ण कन्हैया से काफी लोकप्रियता मिली। इसके बाद वह आंखें, खुदा गवाह, गोपी किशन, मृत्युदंड जैसी फिल्मों में भी नजर आईं। अपने शानदार करियर के दौरान उन्होंने कई सफल और बेहतरीन फिल्में कीं। बड़े पर्दे उनकी आखिरी फिल्म गजगामिनी थी, जो साल 2000 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने अभिनय से ब्रेक ले लिया। अब एक बार फिर वह दर्शकों के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली हैं। वह इस बार बिग बॉस के 18वें सीजन में भाग ले रही हैं। शो के निर्मताओं द्वारा प्रोमो जारी कर उनके शो में भाग लेने पर मुहर लगा दिया गया। मेकर्स द्वारा जारी किए गए प्रोमो में उन्हें नब्बे के दशक की सेंसेशनल क्वीन बताया गया है। बहुत जल्द ही वह बॉलीवुड सुपस्टार सलमान खान की मेजबानी वाले शो में शिरकत करती नजर आएंगी।

# साइकोलॉजिकल थ्रिलर हमेशा से ही मेरी पसंद रही है

फिल्म फाइटर में नजर आए अभिनेता अक्षय ओबेरॉय जल्द ही अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट रेजिडेंट में कुछ अलग अंदाज में दिखेंगे। फाइटर में अभिनेता के काम को खूब सराहा गया था। फिल्म की शूटिंग नवंबर में एक अंतरराष्टीय लोकेशन पर होने जा रही है। जो दर्शकों का बेहतर मनोरंजन करने का वादा करती है। अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर अभिनेता अक्षय ओबेरॉय बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, साइकोलॉजिकल थ्रिलर हमेशा से ही मेरी पसंद रही है। यह फिल्में रहस्य और गहराई का एक अनूठा संगम होती हैं। इस फिल्म के विषय ने मुझे बेहद प्रभावित किया है। मैं आकाश गोइला के निर्देशन और फिल्मेरा टीम के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं और मैं इस अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। हाल ही में यह खबर भी सामने आई थी कि अभिनेता यश-स्टारर टॉक्सिक- ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स में भी नजर आएंगे। इसकी जानकारी दर्शकों को खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए दी थी। उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए खुशी जताई थी। अभिनेता ने हाल ही में वरुण धवन के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग की है। वह इसके अलावा तू चाहिए, दिल है ग्रे, टू जीरो वन फोर और इलीगल 3 में भी नजर आएंगे।



# हरे पेड़ काटने वाले भवन स्वामी पर नहीं हुआ एक्शन

## नोटिस भेजने के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-46 में हरे पेड़ काटने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरडब्ल्यूए ने अब इस मामले में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की बात कही है। नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग द्वितीय खंड के उपनिदेशक आनंद मोहन सिंह ने सेक्टर 46 ग्रीन एवेन्यू सोसायटी के मकान संख्या बी 38 बी 39 के भवन स्वामी को चार हरे पेड़ काटने के संबंध में कारण बताओं नोटिस जारी किया था। बीते 9 सितंबर को विभाग द्वारा भवन स्वामी को यह नोटिस जारी की गई थी। जिसमें तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया था। भवन स्वामी के द्वारा जवाब न देने की दशा में वन विभाग अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की बात कही गई थी।

बीते दिनों सेक्टर 46 के ग्रीन एवेन्यू सोसायटी के भीतर बी 38 बी 39 के मकान मालिक आकाश जैन व आशीष जैन पर आरडब्ल्यूए समेत सेक्टर वासियों ने मकान के आगे अवैध निर्माण करने का आरोप लगाया था। सेक्टर वासियों ने कहा था कि मकान के आगे 30 मीटर नाले पर पक्की स्लिप डाल दी गई है। जिससे आने वाले दिनों में यातायात की समस्या बढ़ेगी। मकान के सामने चार हरे पेड़ काटे जाने की शिकायत भी सेक्टर वासियों ने प्राधिकरण से की थी। वही यह भी बताया गया था कि बिजली के पॉल को जबरन उखाड़ दिया गया था।

जब लोगों ने विरोध किया तो भवन स्वामी ने उल्टा ही आरडब्ल्यूए के जनरल सेक्रेटरी गिरिराज सिंह के खिलाफ पुलिस से शिकायत कर दी। सेक्टर वासियों ने विद्युत विभाग नोएडा प्राधिकरण वन विभाग से इस मामले में शिकायत किया था।

आरडब्ल्यूए ने कल एक बैठक किया जिसमें निर्णय लिया गया है कि यदि प्राधिकरण इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं करेगा तो हम इस अवैध निर्माण के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे। जनरल सेक्रेटरी गिरिराज सिंह ने कहा कि हम कानून में आस्था रखने वाले लोग हैं। मुझे उम्मीद है कि इस मामले में अदालत से हमें न्याय जरूर मिलेगा।

जनरल सेक्रेटरी गिरिराज सिंह ने बताया कि जब से यह प्रकरण हमने उठाया है तब से लगातार हमें फोन कॉल्स आ रहे हैं और मामले को रफा दफा करने के लिए सिफारिश की जा रही है। पूरे सेक्टर में मात्र यही एक ऐसा मकान है जिसमें नियमों को ताक पर रखकर निर्माण किया गया है। इस अवैध निर्माण को लेकर हम लोग किसी भी तरीके से समझौता नहीं करेंगे। आगे पुरजोर तरीके से यह लड़ाई जारी रहेगी।

# बिल भुगतान में देरी की वजह से स्मार्ट विलेज मिलक लच्छी में विकास कार्य अटके

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले स्मार्ट विलेज मिलक लच्छी में विकास कार्य अटके हुए हैं। ग्रेटर नोएडा के प्रमुख समाजसेवी कर्मवीर नागर प्रमुख ने विकास कार्यों में देखरी पर नाराजगी जताई है।



कर्मवीर नागर प्रमुख ने अपने एक बयान में कहा कि चौबे जी छब्बे जी बनने चले थे लेकिन दूबे जी भी नहीं रहे कुछ ऐसा ही हाल है स्मार्ट विलेज घोषित गांव मिलक लच्छी का। जब ढाई वर्ष पूर्व गांव मिलक लच्छी को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करने के लिए चयनित किया गया था तो गांव के लोग खुशी के मारे फूले नहीं समाये थे। स्मार्ट विलेज घोषित होने पर ग्राम वासियों ने सपना देखा था कि अब गांव में कम्युनिटी सेंटर, खेल का मैदान और पुस्तकालय जैसी सुविधाओं के साथ-साथ गांव के खंडहर हो चुके प्राइमरी स्कूल की नई इमारत का निर्माण हो जाएगा और गांव के टूटे-फूटे रास्तों और जल भराव से निजात मिल सकेगी। लेकिन गांव वालों का यह सपना उस समय काफूर हो गया जब गांव के लिए विकास कार्यों का टेंडर छोड़ा गया तो उसमें खंडहर स्कूल के निर्माण, कम्युनिटी सेंटर, खेल के मैदान और पुस्तकालय निर्माण जैसी वह सुविधाएं नदारद थी जिसके आधार पर किसी गांव को स्मार्ट विलेज कहा जा सकता है।

इसीलिए अब ग्राम वासियों ने तय किया है कि स्मार्ट विलेज की परिभाषा में आने वाली सुविधाओं से वंचित इस गांव का विजिट कराने के लिए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी, प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव और माननीय औद्योगिक विकास मंत्री जी को पत्र भेजकर जल्दी ही न्यौता दिया जाएगा। प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का भी जल्दी ही दौरा कराया जाएगा ताकि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा विकसित किये जा रहे इस स्मार्ट विलेज के मॉडल की असलियत का खुलासा जग जाहिर हो सके।

अब तो ऐसा लगता है कि मिलक लच्छी को स्मार्ट विलेज की श्रेणी में चयनित कराना ही अभिशाप बन गया है। क्योंकि स्मार्ट विलेज के तहत मिलक लच्छी गांव में कराए जा रहे विकास कार्यों का शुभारंभ मार्च के प्रथम सप्ताह में हुआ था लेकिन 8 माह की लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी विकास कार्य लटके पड़े हैं। मंद गति से चल रहे विकास कार्यों की गति अब तो धीरे-धीरे ठप्प होती नजर आ रही है।

क्योंकि जानकारी में आया है कि ठेकेदार की फर्म द्वारा अब तक किए गए कार्यों का प्राधिकरण ने बिल भुगतान नहीं किया है। जिस वजह से विकास कार्य लटके नजर आ रहे हैं और इन लटके पड़े विकास कार्यों से गांव वाले आजिज आ चुके हैं। गांव धीरे-धीरे नरक बनता जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि संबंधित डिवीजन में तैनात कर्मचारी और अधिकारी विकास कार्यों की गति को धक्का देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। लेकिन अब तो मामला बिल भुगतान न होने पर अटक गया है। ऐसे में प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों से अनुरोध है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए विकास कार्यों की गति को तीव्रता हेतु कारगर कदम उठाने का कष्ट करें ताकि गांव के लोग दीपावली जैसे पावन हिन्दू त्यौहार को स्वच्छ माहौल में रहकर मना सकें।

# फाइनेंस की गाड़ियों की फर्जी एनओसी बनाकर करते थे खेल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुखबिर की सूचना के आधार पर फाइनेंस गाड़ियों की फर्जी एनओसी बनवाकर अन्य प्रदेशों में ट्रांसफर कर उन्हें बेचने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया

## गिरोह दूसरे राज्यों में बेच देता था गाड़ियां

है। पकड़े गए आरोपों के पास से दो लग्जरी कार,कूट रचित दस्तावेज व अन्य कागजात बरामद हुए हैं। पुलिस पकड़े गए बदमाश के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

एसटीएफ के निरीक्षक हुकुम सिंह ने थाना बिसरख में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि पिछले काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग फाइनेंस की गाड़ियों की बैंक की फर्जी एनओसी बनवाकर उसकी आरटीओ ऑफिस से एचपी कटवा लेते हैं। इसके बाद इन गाड़ियों को अन्य प्रदेशों में ट्रांसफर करा कर नया रजिस्ट्रेशन ले लेते हैं। नया रजिस्ट्रेशन मिलने के बाद वह फाइनेंस की गाड़ियों को बेच देते हैं। फाइनेंस कंपनियां कारों के उक्त नंबरों की तलाश करती रहती थी लेकिन वहां का नंबर बदल जाने के कारण उन्हें गाड़ियां नहीं मिलती थी। इस सूचना के आधार पर (एसटीएफ) की टीम सक्रिय हुई।

इंस्पेक्टर हुकुम सिंह ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि फर्जी एनओसी बनाकर एचपी कटवाने वाले गैंग के दो सदस्य दो कारों के साथ थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सेंटर के पास खड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर उन्होंने गौर सिटी प्रथम चौकी प्रभारी से संपर्क किया। इसके बाद एसटीएफ और थाना बिसरख पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापा मारा। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भाग गया जबकि दूसरे को पुलिस टीम ने दबोच लिया। मौके से एक किया कार्निवल तथा टोयोटा ग्लैंजा कार बरामद हुई। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम वीरेंद्र कुमार पुत्र दौलत राम निवासी राजगढ़ कॉलोनी गांधीनगर दिल्ली बताया। पूछताछ में वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वह फाइनेंस की गाड़ी लेकर उसकी फर्जी एनओसी बनाकर एचपी कटवा लेते हैं। इसके बाद इन कागजातों के आधार पर वह गाड़ी को अन्य प्रदेशों के लिए ट्रांसफर करा लेते थे। अन्य प्रदेश में ट्रांसफर होने के कारण गाड़ी के लिए नया नंबर मिल जाता था जिस कारण फाइनेंस वाले इन गाड़ियों को पकड़ नहीं पाते थे।

पकड़े गए आरोपों के पास से पांच आधार कार्ड, तीन पैन कार्ड, एक वोटर आईडी कार्ड, दो रजिस्ट्रेशन कार्ड, डेबिट कार्ड, पासबुक, 5 टेंपरेरी रजिस्ट्रेशन, इनवॉइस, बीमा फास्टैग आदि बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि उसके फरार साथी का नाम धीरज निवासी विश्वास नगर दिल्ली है। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि उन्होंने अब तक बहुत सी गाड़ियों की फर्जी बैंक एनओसी निकलवा कर उन्हें अन्य प्रांतों में बेच दिया है। इंस्पेक्टर हुकुम सिंह की शिकायत पर थाना बिसरख पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इसके फरार साथी की तलाश कर रही है।

# फेलिक्स अस्पताल ने अग्रसेन भवन में लगाया जांच शिविर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अग्रवाल मित्र मंडल द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में अग्रसेन भवन पर फेलिक्स अस्पताल व Vision Eye Care के सहयोग से निशुल्क हैल्थ checkup व Eye screening camp का आयोजन किया गया जिसमें करीब 150 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। इसमें गोपाल कृष्ण अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। साथ ही शाम टेलीफोन एक्सचेंज सेक्टर-19 के सामने समस्त कार्यकारिणी द्वारा सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा आयोजित राम बारात का स्वागत किया गया।



इस अवसर पर अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, महासचिव मनोज गोयल, कोषाध्यक्ष पुनीत गर्ग, संयोजक राधेश्याम कार्यक्रम सह अनिल गुप्ता अग्रवाल मित्र के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र जैन, संजय गोयल, अशोक गोयल, संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल, सुशील गुप्ता, एडवोकेट विकास बंसल, जेएम गुप्ता, सुरेश गुप्ता अमीश राजवंशी, राम बारात के संयोजक रोहतास गोयल, सह संयोजक तुषार गोयल, मूलचंद गुप्ता पंकज अग्रवाल, दशरथ बंसल, देवेंद्र गंगल, नरेश गर्ग, राहुल गुप्ता, सुरेंद्र गर्ग श्रीकांत बंसल मोहनलाल गुप्ता सुशील सिंघल कुलदीप गुप्ता अनुज गुप्ता लघु अग्रवाल एमजी गुप्ता सुधीर मित्तल सीए मनोज अग्रवाल आकाशदीप गुप्ता विपिन अग्रवाल सौरभ गुप्ता केशव गंगल सौरभ अग्रवाल जेएम गुप्ता रामनिवास बंसल नेत्रपाल अग्रवाल मनोज बृजवासी विकास जैन मनोज गोयल राजेश जिंदल गिरीश कुमार कृष्ण स्वरूप गोयल मनीष गोयल एडवोकेट अंकित जैन लवीश गर्ग श्रीभगवान अग्रवाल विजय गुप्ता वंदना गुप्ता सविता गोयल अनीता गर्ग कविता गर्ग रीति बंसल अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मुस्लिम संस्था ने किया श्री राम बारात का स्वागत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला कार्यक्रम में श्रीराम की बारात नोएडा शहर के विभिन्न सेक्टरों/ मार्गो से होते हुए गुजरी। अलग अलग सेक्टरों में बारात का स्वागत विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया गया।

मुस्लिम संस्था NGO 'अल फलाह ह्यूमैनिटी कॉउन्सिल' की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जीनत अंसारी ने अपनी टीम के साथ प्रत्येक वर्ष की भाँति श्री राम बारात का स्वागत नोएडा के सेक्टर-12 चौड़ा मोड पर बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ करते हुए सर्वधर्म समाज का परिचय दिया।



# धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर का मंचन आज

**ग्रेटर नोएडा।** साइट-4 श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित विजय महोत्सव के तीसरे दिन का मंचन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। कमेटी के अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. महेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर लीला मंचन का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ. महेश शर्मा ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि हमें श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को रामलीला जैसे कार्यक्रम जरूर देखने चाहिए।



कोषाध्यक्ष मनोज गर्ग ने बताया कि आज की लीला में श्री राम और लक्ष्मण, ऋषि विश्वामित्र के साथ आश्रम वासियों की पीड़ा सुनते हैं। फिर जनक का दूत ऋषि विश्वामित्र को जनकपुरी के यज्ञ में आमंत्रित करता है, जिसके बाद तीनों जनकपुरी की ओर प्रस्थान करते हैं। यात्रा के दौरान, श्री राम द्वारा गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या का उद्धार होता है। इसके बाद, वे जनकपुरी में पहुँचते हैं, जहां राजा जनक उनका स्वागत करते हैं। जनकपुरी में बाजार का आनंद लेने के बाद, श्री राम और लक्ष्मण पुष्प संग्रह के लिए वाटिका में जाते हैं। वहीं पर सीता जी से उनकी भेंट होती है, जो गौरी पूजन के लिए सखियों के साथ आई होती हैं।

सहायक महासचिव सौरभ बंसल ने बताया कि आज रामलीला में धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, जनकपुर में बारात का स्वागत, राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न का विवाह और विदाई समारोह का मंचन किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी विनोद कसाना ने जानकारी दी कि कल की लीला में नगरवासियों को अद्वितीय दृश्य देखने को मिलेगाा।

# महर्षिनगर में माँ जगदम्बे की पूजा

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर 110 स्थित रामलीला परिसर में ब्रह्मलीन परम पूज्य महर्षि महेश योगी और ज्योतिष पीठाधीश्वर जगत गुरु श्री बासुदेवा नन्द सरस्वती महाराज के दिव्य आशीर्वाद से शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन मां जगदम्बे की पूजा अर्चना वैदिक पंडितों द्वारा किया गया।



इस अवसर पर रात्रि आठ बजे से रामलीला मंचन के चौथे दिन भगवान परशुराम-लक्ष्मण संवाद व राम-सीता विवाह का मंचन किया गया।

अनेक देशों के राजा अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सीता स्वयंवर में पधारे थे। रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों की प्रस्तुति परशुराम-लक्ष्मण संवाद बहुत ही मनमोहक रहा। रामलीला मंचन को देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक पहुंचे। मंचन के दौरान भगवान परशुराम का ध्यान भंग होना, विदेह राज जनक के राज में शिव धनुष का खंडन होना, भगवान परशुराम का जनक राज में पहुंच गुस्सा होना, परशुराम-लक्ष्मण संवाद, राम-सीता का विवाह का कलाकारों द्वारा संजीव चित्रण किया गया। देश और विदेश के दर्शकों को लाइव रामलीला मंचन का दर्शन करने के लिए लाइव यू ट्यूब प्रसारण प्रतिदिन किया जा रहा है।

इस अवसर पर महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राहुल भरद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

इस अवसर पर श्री दुर्गा पूजा, विजयादशमी तथा श्री रामलीला महोत्सव के संयोजक रामेंद्र सचान साथ में महर्षि रामलीला समिति के यादवेंद्र यादव, विनीत श्रीवास्तव, गिरीश अग्निहोत्री, शिशिर कांत, श्रीकांत ओझा, विनोद श्रीवास्तव, ललन पाठक, विनोद दीक्षित, एस पी गर्ग, दया शंकर गुप्ता शिशुपाल यादव सहित अन्य पदाधकारी भी उपस्थित रहे।

# श्रीराम और माँ सीता का आमना-सामना



सूरजपुर। श्री आदर्श रामलीला कमेटी सूरजपुर के तत्वाधान में आयोजित रामलीला मंचन की शुरुआत आरती से हुई, जिसमें भगवान श्री राम जी की भव्य बारात निकाली गई और श्री राम-जानकी विवाह का सुंदर मंचन हुआ। राजा दशरथ के राज्याभिषेक की घोषणा और केकई के कोप भवन प्रसंग को कलाकारों ने भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक भावविभोर हो गए।

रामलीला का यह मंचन बराही मंदिर मैदान में आयोजित किया जा रहा है। कमेटी के अध्यक्ष सतवीर भाटी ने बताया कि यह रामलीला 2 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 13 अक्टूबर को दशहरा विजय महोत्सव के दौरान रावण दहन के साथ संपन्न होगी। महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि मेले और रामलीला मंचन को देखने के लिए रविवार को भारी संख्या में दर्शक उमड़े। मेले में बच्चों ने झूले का आनंद लिया, वहीं अन्य श्रद्धालुओं ने स्वादिष्ट व्यंजनों और घरेलू सामानों के स्टॉल से खरीदारी की।

# रामलीला में जीवन का चरित्र देखने को मिलता है : गोपाल कृष्ण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्री रामलखन धार्मिक लीला कमेटी द्वारा सेक्टर-46 के रामलीला मैदान में आयोजित चौथे दिन की



रामलीला का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल और पूर्वी दिल्ली के कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने सर्वप्रथम रामलीला कराने वाले आयोजकों को बधाई दी, और कहा कि रामलीला के आयोजन समिति काफी मेहनत के बाद रामलीला मंचन करती है यह भी एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति संरक्षण रामलीला मंचन में महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि राम के जीवन की कथा रामलीला में देखने को मिलती है इससे बच्चों को भी संस्कार प्राप्त होते हैं कि राम के जीवन में किस प्रकार की कठिनाइयां आई और उन्होंने कठिनाइयों की परवाह ने करते हुए सही रास्ता चुना, रामलीला में जीवन का चरित्र देखने को मिलता है, साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों को जीवित रखने में रामलीला जैसे मंचों का अहम योगदान रहता है।

ऐसे कार्यक्रमों से हमारी संस्कृति और युवाओं को अच्छी सीख प्राप्त करने का बेहतर मौका मंच के माध्यम से प्राप्त होता है।

इस अवसर पर पूर्वी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस अनिल चौधरी ने कहा कि हमें एक ऐसी सीख रामलीला के माध्यम से मिलती है ,कि प्रत्येक व्यक्ति को हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए, सच्चाई के रास्ते पर ही जीत मिलती है, रामलीला मंच भी हमें यही संदेश देता है।

इस अवसर पर रविंद्र प्रसाद गुप्ता सी एल ए नोएडा प्राधिकरण, राम बदन सिंह डीसीपी नोएडा मौजूद रहे, उन्होंने भी रामलीला आयोजकों और लीला का मंचन कराने वाले और कलाकारों को बधाई दी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश यादव, कांग्रेस के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, पूर्व महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, प्रवक्ता पवन शर्मा, पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा, गौरव शर्मा, श्रीधर गोयनका मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

वहीं रामलीला देखने आए लोगों का भी आभार प्रकट किया।

चौथे दिन की रामलीला में लीला वाचक पंडित कृष्णा स्वामी ने धनुष यज्ञ की लीला का मंचन करते हुए सभी देश देशांतर के राजा महाराजा के धनुष तोड़ने का प्रयास करने की लीला का मंचन किया ,परंतु धनुष नहीं टूटा, अंत में प्रभु राम गुरु वशिष्ट के साथ आज्ञा प्राप्त करके धनुष को तोड़ते हैं, और सीता का स्वयंवर होता है।

इसके पश्चात परशुराम जी का आगमन लक्ष्मण जी के साथ उनकी नोक झोक होने की लीला का मंचन विस्तार पूर्वक सुनाया गया, जिसे लीला मंचन देखने आए लोगों ने सराहा।